

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 53 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, सोमवार 17 मार्च, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2

# कांग्रेस ने असम में उड़ाया बोडो समझौते का मजाक: शाह



जयपुर टाइम्स

गुवाहाटी(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने जब बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए तो कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था लेकिन इससे क्षेत्र में शांति स्थापित हुई और विकास को गति मिली। शाह ने असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बोडोलैंड में स्थापित शांति का संदेश है। मुझे याद है कि 27 जनवरी 2020 को जब बीटीआर (बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र) शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे तो कांग्रेस पार्टी मेरा मजाक उड़ाती थी कि बोडोलैंड में कभी शांति नहीं होगी और यह समझौता मजाक बनकर रह जाएगा लेकिन असम सरकार और केंद्र इस समझौते की करीब 82 प्रतिशत शर्तों को लागू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अगले दो वर्षों में समझौते की 100 प्रतिशत शर्तों को लागू करेगी। इसके बाद बीटीआर क्षेत्र में लंबे समय तक शांति बनी रहेगी।

### बोडोलैंड क्षेत्र से अफस्पा कानून हटाया गया

गृह मंत्री ने कहा कि समझौते के प्रावधानों के तहत 1 अप्रैल, 2022 को पूरे बोडोलैंड क्षेत्र से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा अधिनियम) को हटा दिया गया है। आज दिल्ली के होटल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत बोडोलैंड का कोकराझार का मशरूम सबके खाने का हिस्सा बन गया है, यह इसलिए हुआ क्योंकि यहां शांति है।

### बोडोलैंड के युवा 2036 ओलंपिक की करें तैयारी

उन्होंने कहा कि बोडोलैंड ने डूरंड कप की मेजबानी की है। 2036 में अहमदाबाद में ओलंपिक होने जा रहा है। बोडोलैंड के युवा खिलाड़ी ओलंपिक में भाग लेने की तैयारी करें। एक दर्जन से अधिक उत्पाद जीआई टैग की सूची में शामिल हैं। इससे बीटीआर में औद्योगिक माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब बोडोलैंड में उन्माद, उत्पात और अलगाववाद की बात होती थी लेकिन अब शिक्षा, विकास और उद्योग की बात होती है।

### बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ दिए

उन्होंने कहा कि बोडोलैंड के विकास के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और असम सरकार ने 1500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि इस क्षेत्र की आबादी मात्र 35 लाख है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय बोडो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। सोनितपुर और बिश्वनाथ जिले को बीटीआर क्षेत्र में शामिल कर क्षेत्र का विस्तार किया गया।

### एनडीएफबी के सदस्यों के पुनर्वास पर 287 करोड़ खर्च

शाह ने कहा कि सैकड़ों युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाया गया है। कई सारे हथियार सरेंडर हुए हैं। पिछले तीन साल में असम में नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के 4,881 सदस्यों के पुनर्वास पर 287 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसका 90 प्रतिशत हिस्सा मोदी सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि रोजगार और कौशल विकास के लिए भी ढेर सारे काम किए गए।

### जहां गोलियां चलती थीं, वहां अब हाथों में तिरंगा लहरा रहा

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने असम में कुल नौ उग्रवादी संगठनों से समझौते कर 10,000 से ज्यादा युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। एक जमाने में जहां गोलियां चलती थीं, वहां आज बोडो युवा हाथों में तिरंगा लहरा रहे हैं। यह दृश्य पूरे देश के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि जब बोडो समझौता हुआ, तब न केवल बोडोलैंड और असम, बल्कि पूरा देश खुश था। जिस तरह बोडोलैंड के लोग देश से प्यार करते हैं, उसी तरह पूरा देश बोडोलैंड और यहां के लोगों से प्यार करता है।

### पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर को उग्रवाद, आंदोलन से मुक्त कराया

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे पूर्वोत्तर को उग्रवाद, आंदोलन, बंद और हिंसा जैसी समस्याओं से मुक्त कराकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम किया है। पीएम मोदी और हिमंत बिस्व सरमा की अगुवाई में हाल में इनवेस्टमेंट समिट हुई, जिससे पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश असम में आ रहा है। उन्होंने बोडो युवाओं से पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देने और शांति प्रक्रिया को स्थापित करने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बोडोलैंड में ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना है जिससे बोडो युवा विश्व के युवाओं से प्रतिस्पर्धा कर सकें।

### दिल्ली में उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के नाम पर होगी एक सड़क

पूर्व एबीएसयू अध्यक्ष उपेंद्रनाथ ब्रह्मा को श्रद्धांजलि देते हुए गृह मंत्री ने घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल को दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री और अन्य राज्य नेताओं की मौजूदगी में होगा। शाह ने बीटीआर शांति समझौते के लिए एबीएसयू को श्रेय देते हुए कहा कि अगर एबीएसयू ने प्रमुख भूमिका नहीं निभाई होती तो समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए होते।

## पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ शाह ने की नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

गुवाहाटी(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी के एक होटल में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डीजीपी के साथ बैठक की। इसमें तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला बैठक में शामिल हुए। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया, जबकि मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर को छोड़कर पांच राज्यों के डीजीपी मौजूद रहे। इसमें कई पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य सचिव भी मौजूद रहे। आठ राज्यों में से प्रत्येक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के कार्यान्वयन पर केंद्रीय गृह मंत्री को अद्यतन करने के लिए प्रस्तुति दे रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना है। इस दौरान शाह ने असम सीआईडी की ओर से तैयार और असम सरकार से प्रकाशित पुस्तक 'न्यू क्रिमिनल लॉज – स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स एंड रूल्स' का विमोचन किया।

## न्यूज इनबॉक्स

### कर्नाटक में भाजपा जल्द सत्ता में लौटेगी: येदियुरप्पा

जयपुर टाइम्स

बेलगावी(एजेंसी)। कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने पार्टी में चल रही गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और यह समय आपसी मतभेद भुलाने का है।

पूर्व सीएम ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में हम सौ फीसदी कर्नाटक में सरकार बनाएंगे। हम सब मिलकर पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।

कर्नाटक भाजपा में गुटबाजी खुलकर सामने आई है। बता दें कि, बीजापुर सिटी के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल और गोकक के विधायक रमेश जारकीहोली ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पद से हटाने की मांग



की है। उन्होंने बीवाई विजयेंद्र पर कांग्रेस सरकार के साथ समझौते की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीवाई विजयेंद्र और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा पर भाजपा को अपनी पकड़ में रखने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, जब येदियुरप्पा से यतनाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कोई जवाब देने से इनकार कर दिया।

पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा किइन गारंटी योजनाओं का कोई मतलब नहीं है। इन्हें लोगों को खुश करने के लिए घोषित किया गया था, लेकिन सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। यह सरकार एक तरह से तुगलक दरबार चला रही है। देखते हैं, यह कब तक चलेगा। जब पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा से पूछा गया कि क्या वर्तमान कांग्रेस की राज्य सरकार के बजट में उत्तर कर्नाटक के साथ अन्याय हो रहा है, तो उन्होंने कहा कि यह बात सभी को पता है कि यह सच है।

### राम जन्म भूमि परिसर पर पांच साल में 2150 करोड़ रुपए र्च

जयपुर टाइम्स

अयोध्या(एजेंसी)। अयोध्या में रविवार को मणिरामदास की छावनी में रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने की। बैठक में ट्रस्ट ने आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रामजन्म भूमि परिसर पर पांच सालों में 2150 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। मंदिर निर्माण पर अकेले 1200 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पांच सालों में ट्रस्ट ने सरकार को 400 करोड़ का भुगतान किया है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पांच फरवरी 2020 को ट्रस्ट का गठन हुआ। 28 फरवरी 2025 तक पांच वर्षों में ट्रस्ट के एकाउंट से सरकार की विभिन्न एजेंसियों को 396 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है। 272 करोड़ सरकार को जीएसटी के रूप में गया है। 39 करोड़ टीडीएस सरकार के एकाउंट में जमा हुआ है। 14 करोड़ लेबर सेस का जमा हुआ है। पीएफ, ईएसआई पर लगभग 7.4 करोड़ रुपये दिया गया है।

# कीवी पीएम पांच दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे, रायसीना डायलॉग में होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन रविवार को पांच दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।

दौरे से पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी पर जोर देंगे और दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।

लक्सन का यह पहला भारत दौरा है। उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी है, जो न्यूजीलैंड के किसी भी प्रधानमंत्री के साथ अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। उनकी कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। बता दें कि पिछले हफ्ते लक्सन ने कहा था, मैं चाहता हूं कि भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी हो। हम इस पर चर्चा करेंगे कि यह आगे कैसे बढ़ सकती है।

हम भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को और बड़े स्तर पर ले जाना चाहते हैं। लक्सन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को महत्वपूर्ण ताकत बताया था। उन्होंने कहा था, भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति है और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस पर चर्चा करूंगा कि हम अपने क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बनाए रखने के लिए मिलकर क्या कर सकते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की। लक्सन रायसीना डायलॉग 2025 में भाग लेने के लिए यहां आए हैं। वह पांच



### रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र में होंगे मुख्य अतिथि

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि पीएम मोदी और उनके न्यूजीलैंड के समकक्ष की मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा वह 17 मार्च को ही नई दिल्ली में होने वाले 10 वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कारोबारी दिग्गज, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर भोज आयोजित करेंगे। लक्सन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। लक्सन 19-20 मार्च को मुंबई भी जाएंगे और फिर वेलिंगटन लौटेंगे।



## धरती से अंतरिक्ष पहुंचे दस साथियों को देख खुशी से झूम उठी सुनीता विलियम्स

एजेंसी

नई दिल्ली(एजेंसी)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आने वाले कुछ दिनों तक नए अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे।



## नहीं रहे महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़

जयपुर टाइम्स

उदयपुर(निस)। मेवाड़ में पूर्व राज घराने के सदस्य व सिटी पैलेस के संरक्षक अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ उन्ही के कमरे की सीढ़ियों पर बैठकर रोते दिखाई दिए। उनके पार्थिव शरीर को शंभू निवास में रखा गया है, जहां 17 मार्च सुबह 7 बजे से आमजन उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। इस दुखद घड़ी में परिवार और करीबी लोग उन्हें ढांढस बंधाने पहुंचे। महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ का रविवार सुबह निधन हो गया, जिसके बाद उनके निवास स्थान शंभू निवास में गमगीन माहौल बना रहा।

परिवार के सदस्यों और करीबी लोगों का आना-जाना लगातार जारी रहा। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपने पिता के निधन से अत्यधिक दुखी हैं। वे शंभू निवास के बाहर सीढ़ियों पर भावुक होकर बैठे नजर आए और उनके करीबी उन्हें सांत्वना देते दिखे।

## दूसरी पार्टी से मिलीभगत करने वालों से पीछा छुड़ाएगा 'हाथ'

# निष्क्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं को अब कांग्रेस दिखाएगी बाहर का रास्ता

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। कांग्रेस पार्टी अब अनुशासन और संगठन के खिलाफ काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाएगी। कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की जयपुर में अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें कई बड़े नेता शामिल हुए। सचिन पायलट भी बैठक में पहुंचे, जबकि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान सरकार के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अब पूरी तरह से भूचाल आ गया है। उन्होंने कहा कि इसी कारण यह बैठक बुलाई गई है और सभी नेता इसमें भाग ले रहे हैं। बैठक के दौरान पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का कोई भी नेता, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली हो, अगर वह दूसरी पार्टी के साथ मिलीभगत करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई





की जाएगी। यह बयान गुजरात में राहुल गांधी के पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग में भाजपा से मिले हुए नेताओं को पार्टी से निकालने वाले बयान के बाद आया है। इसे पार्टी के भीतर अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। रंधावा ने कहा है निष्क्रिय पदाधिकारी की छुट्टी होगी। प्रदेश सह प्रभारी ने बीते दिनों अलग-अलग जिलों में जाकर बैठक के ली है वहां से आप फीडबैक तैयार होगा और निष्क्रिय पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने एक बार फिर अपने रुख को दोहराते हुए कहा कि वह फिलहाल विधानसभा नहीं जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी वह विधानसभा जाने का फैसला करेंगे, उस दिन मीडिया के सामने अपनी पूरी बात रखेंगे।

रंधावा ने कहा कि विधानसभा स्पीकर की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर की गई टिप्पणी के बाद डोटासरा ने विधानसभा न जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले को लेकर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं। टीकाराम जूली ने भी कहा कि वह और पूरी पार्टी डोटासरा के फैसले के समर्थन में हैं।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
17 मार्च, 2025

## भार वाहनों के कर जमा की अंतिम तिथि समाप्त, शुरु की गई परिवहन विभाग द्वारा वाहन जब्त कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। वार्षिक कर देयता वाले भार वाहनों (ट्रकों) पर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देय वार्षिक कर के जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च थी, जो समाप्त हो जाने पर अब परिवहन विभाग के उडनदस्तों द्वारा मध्यरात्रि से ही ऐसे वाहन जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा नहीं करवाया गया उन्हें सीज किए जाने की कार्यवाही प्रार भ की गई। वहीं रविवार 16 मार्च को दोपहर तक ही अलवर कार्यालय क्षेत्राधिकार में ऐसे 37 वाहन तथा भिवाडी कार्यालय क्षेत्राधिकार में 19 वाहनों को सीज किया गया है। ऐसे वाहनों को सीज किया जाकर नियमानुसार 3 प्रतिशत पेनल्टी एवं कर राशि के दोगुने तक प्रशमन राशि की वसूली की जा रही है।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अलवर सतीश कुमार ने बताया कि उक्त कार्रवाई के अतिरिक्त अलवर कार्यालय के उडनदस्तों द्वारा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के खिलाफ भी प्रवर्तन कार्यवाही कर ई-रवन्ना बकाया वाले 10 वाहनों को सीज किया जाकर बकाया राशि की वसूली की गई है। उल्लेखनीय है कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा बकाया ई-रवन्ना प्रकरणों के निस्तारण हेतु एमनेस्टी योजना लाई गई है, जिसके अन्तर्गत ई-रवन्ना प्रकरणों पर देय राशि में 95 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। अतः वाहन स्वामियों से आग्रह है कि वार्षिक कर देयता वाले भार वाहनों का वर्ष 2025-26 का कर तुरन्त जमा करवाकर तथा ई-खन्ना बकाया वाले वाहनों का निस्तारण एमनेस्टी योजना के अन्तर्गत करवाते हुए वाहन जब्ती संबंधी अनावश्यक परेशानी से बचें।

## सेण्ड स्टोन क्यूएल की खुली ई- नीलामी को रोकने की मांग

जयपुर टाइम्स

बिजौलियां(नि.सं.)। तिलस्वां के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर तिलस्वां क्षेत्र में खनि अभियंता कार्यालय बिजौलियां द्वारा 18 मार्च को होने वाली सेण्ड स्टोन



क्वारी लाईसेंस की खुली ई- नीलामी को रोकने की मांग की गई।ग्रामीणों ने बताया कि खनि अभियंता बिजौलियां द्वारा तिलस्वां में आराजी संख्या 3 को राजकीय बिलानाम भूमि बताकर 10 प्लॉट्स का संधारण कर खुली ई- नीलामी प्रस्तावित की गयी हैं।लेकिन उक्त आराजी में पहाड,मंगरी और उसकी लगती हुई आराजीयात भी चरागाह और जल क्षेत्र है। तथा ग्रामवासीयो द्वारा चाहरदीवारी करके क्षेत्र को सुरक्षित कर पेड पौधों के लिये आरक्षित किया गया हैं।उस स्थान पर लगभग एक लाख वृक्ष-पौधे लगे हुए हैं ।खनन कार्य होने पर समस्त वनस्पति और वृक्ष नष्ट हो जायेगें।

## फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्टः मार्च के तीसरे सप्ताह आयोजित होंगे विभिन्न शिविर

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(नि.सं.)। फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत मार्च के तीसरे सप्ताह विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी (भू अभिलेख) कविता गोदारा ने बताया कि बीकानेर तहसील के हेमेरा, सिंथल, गुसाईसर, स्वरूपदेसर, जलालसर और शोभासर में 17 से 19 मार्च तक, राजेरा, रिडमलसर पुरोहितान, आम्बासर और मोलानिया 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे।

नोखा तहसील के सारुंडा, ढिंगसरी, किसनासर, धुपालिया, कक्कू, गजरूपदेसर और जेगला में 17 से 19 मार्च तक तथा सोमलसर, देसलसर, सलूंडिया, रातडिया, कुकनिया और दावां में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे। पूगल के अमरपुरा और कुम्हारवाला में 17 से 19 मार्च तथा सियासर और मेकेरी में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे। श्रीडूंगरगढ़ के पूनरासर, धीरदेसर चोटियां, कल्याणसर, उदरासर, सुरजनसर और जाखसर में 17 से 19 मार्च तथा तोलियासर, मोमासर, बिग्गा, मिंगसरिया, सोनियासर मीठिया और कितासर बीदावतान में 20 से 22 मार्च तक शिविर होंगे।

उन्होंने बताया कि लूणकरणसर, कोलायत और छत्तरगढ़ तहसीलों में पूर्व में आयोजित ग्राम पंचायतों में फॉलो अप शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे शत प्रतिशत किसानों का पंजीकरण करवाया जा सके।

## आजीवन अधिगम एवं एक स्वास्थ्य विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 20 को

जयपुर टाइम्स

बीकानेर (नि.सं.)। भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ तथा राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च को आजीवन अधिगम एवं एक स्वास्थ्यविषयक एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के फैकल्टी हाउस के सेमिनार हाल में किया जाएगा।

### भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ और राजुवास के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

सेमिनार संयोजक तथा भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ (आईएईए) के एसोसिएट सचिव राजेंद्र जोशी ने बताया कि सेमिनार का शुभारंभ प्रातः 10-30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजुवास के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित होंगे। उद्घाटन सत्र के पश्चात तमिलनाडु के शिक्षाविद् तथा आईएईए के अध्यक्ष प्रोफेसर एल. राजा तथा मध्यप्रदेश के शिक्षाविद् तथा आईएईए के महासचिव लोकतंत्र सेनानी सुरेश खंडेलवाल का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सेमिनार के दौरान दो मुख्य सत्र आयोजित होंगे। इनमें देश भर के शिक्षाविदों द्वारा विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। सेमिनार का समापन सत्र दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। इसके मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक श्री ओम प्रकाश होंगे। जोशी ने बताया कि सेमिनार में 16 राज्यों के लगभग 30 शिक्षाविदों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं। सेमिनार में अनुभवी शिक्षाविद् और आईएईए के पदाधिकारी भागीदारी निभाएंगे। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि 19 मार्च को बीकानेर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। इस दौरान सेमिनार से जुड़े फोल्डर का विमोचन किया जाएगा।

जोशी ने बताया कि रविवार को सेमिनार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम समन्वयक तथा राजुवास के प्रो-वीसी हेमंत दाधीच और जोशी ने कार्यक्रम स्थल सहित आवासीय व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय और आईएईए द्वारा विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इनके द्वारा सेमिनार की विभिन्न व्यवस्थाओं का समन्वय किया जाएगा।



# तिजारा विधायक महंत योगी ने की अलवर निवास पर आमजन से मुलाकात

**राजस्थान सरकार द्वारा ‘ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ’ को राजस्थान दिवस मनाए जाने के निर्णय को बताया ऐतिहासिक**

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने रविवार को अलवर स्थित बाबा मस्तनाथ जनसेवनम् भवन पर आमजन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

आमजन से मुलाकात के पश्चात उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा शासित राजस्थान सरकार में जनता को राहत देने और सनातन हिंदू परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम अपने विरासत को आगे बढ़ाएंगे तो विकास भी आगे बढ़ेगा, इस बात पर चलते हुए राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाए जाने का निर्णय ऐतिहासिक और सनातन हिंदू संस्कृति को नवीन जागृति प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान नवनिर्माण के बाद यह पहली बार होगा, जब 30 मार्च के स्थान पर राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा हमारी संपूर्ण हिंदू परंपरा के लिए महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि सृष्टि रचना के दिन के साथ ही इस दिन हिंदू नव वर्ष भी मनाया जाता है। सरकार के निर्णय से राजस्थान के महान वीरों के त्याग बलिदान और समर्पण की गाथा को शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन स्मरण किया जाएगा और आधुनिक पीढ़ी को भी भारतीय परंपरा और राजस्थान के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान हुतात्माओं को जानने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अंग्रेजों के हिसाब से चलाई जा रही तारीखों की परंपरा के स्थान पर भारतीय परंपरा को स्वीकार करते हुए तिथियों की परंपरा को अपनाएं।

## होली की बधाई देकर कवियों ने किया भजन ओर देश भक्ति के काव्यपाठ

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। समस्त ब्राह्मण समाज का मौजपुर हाउस अलवर में तिलक होली तथा कवि सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि समस्त ब्राह्मण समाज का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धुलेंडी के दिन 23वां विप्र होली मिलन समारोह तथा कवि सम्मेलन का आयोजन मिश्रा परिवार मौजपुर वाले द्वारा किया गया। जिसमें अलवर शहर तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से विप्र समाज के गणमान्य जनों ने भाग लेकर एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ब्राह्मण समाज के मूर्धन्य कवियों द्वारा राधाकृष्ण के भजनों तथा देश भक्ति से ओत प्रोत कविता पाठ किया। उसके बाद ठंडाई तथा मिठाई वितरण किया गया।

योगेश मिश्रा ने बताया कि ब्राह्मण कवियों में मुख्य रूप से कवि योगेश वशिष्ठ, प्रवेंद्र पंडित, धीरज उपाध्याय, शिरीष मिश्रा ने कविता पाठ किया ओर मिश्रा ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे नशे से मुक्ति,



दहेज प्रथा, मृत्यु भोज,बाल विवाह, छुआ छूत जैसी सब कुरीतियों को समाज से मिटाने का सभी विप्र जनों एक स्वर में हाथ उठाकर समर्थन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेश मिश्रा, बिसंभर वशिष्ठ, सुरेश पाड़ा, मोहन भारद्वाज, बाबूलाल शर्मा, आनंद शर्मा, आशीष भाल, अशोक कुद दल, आर सी एल शर्मा, रामदास मिश्रा, राजेश मिश्रा, मनोज शर्मा, गजेंद्र शर्मा, आकाश मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, पंकज शर्मा, हरगोविंद शर्मा, अरविंद शास्त्री, राजकुमार शर्मा, जगदीश शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा तथा सैकड़ों की संख्या में विप्र जन मौजूद रहे।




## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कलाकारों ने मनाया होली मिलन

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राजर्षि अभय समाज के विशाल प्रांगण में कलाकारों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ होली मिलन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं महानिदेशक मनोज कुमार गोयल तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारी कलाकार सदस्य कलाकार एवं स्वयंसेवक तथा बाल कलाकारों ने मिलजुल कर बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में इत्र और फूलों से होली खेली कार्यक्रम का आरंभ संस्था के संगीत निर्देशक जितेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में गणेश वंदना से प्रारंभ किया गया और इसके साथ ही होली पर आधारित गीत गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए जिनमें हरि सिंह भारती चिन्मय पराशर नेहा शर्मा प्रेम सिंह राठौड़ महेश खेड़ापति मुकेश सैनी एवं जितेंद्र गुप्ताआदि ने अपने मधुर



स्वरों से दर्शकों को प्रभावित किया। होली के गीतों पर आधारित मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई जिसमें हरि सेन सुरेश चंद शर्मा गोपाल सैनी तथा कुमारी वेणी ने अपने मनमोहन नृत्यों द्वारादर्शक कलाकारों को अपनी कला से काफी प्रभावित किया मंच संचालन मोहित पंडित तथा दीपक पंडित ने किया।

इस अवसर पर अलवर का रहने वाला बालक प्रवीण प्रजापत जिसने अपनी कला का प्रदर्शन देश-विदेश में करके न केवल अलवर का ही अपितु राजस्थान का एवं पूरे देश का नाम रोशन है और इसका नाम गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है अच्छे कलाकार के नाते संस्था अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा सहित पदाधिकारी द्वारा स्पेशल पढ़कर एवं राम चित्र देकर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

धौलपुर (नि.सं.)। जिले का अभ्यास वर्ग एवं जिला बैठक जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी की अध्यक्षता में शनिवार दोपहर 2-00 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें जयपुर प्रांत से आए मुख्य अतिथि सह प्रांत धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख बहादुर सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ सर्वप्रथम भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया गया सह प्रांत धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख बहादुर सिंह द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को आगामी राम उत्सव के कार्यक्रम जिले के हर प्रखंड और खंड पर आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए गौरक्षा,लव जिहाद,लैंड जिहाद,जैसे ज्वनलशील विषय पर प्रकाश डाला अभ्यास वर्ग जिला मंत्री गिरीश वैद्य जी के द्वारा संपन्न



कराया गया और संगठन का हर ग्राम तक कैसे पहुचाया जाए इसको लेकर कार्यकर्ताओ के साथ चर्चा की गई मंच संचालन राम शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में नए दायित्व को लेकर घोषणा की गई जिसमें जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी द्वारा दीपक पचौरी को बजरंग दल जिला गौरक्षा प्रमुख सह गौरक्षा प्रमुख रविंद्र प्रजापति साथ ही शुभम श्रीवास्तव को बजरंग दल जिला मिलन प्रमुख का दायित्व दिया गया बसेड़ी प्रखंड में निरंजन फौजी को नगर अध्यक्ष सत्संग प्रमुख बसेड़ी बलवीर जी के दायित्वों की भी घोषणा हुई इस वर्ग में विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री मनोज कुमार सोनी,जिला विशेष संपर्क प्रमुख राम शर्मा,जिला सेवा प्रमुख ऋषभ गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष पूनम शर्मा उपाध्यक्ष,मातृशक्ति से जिला संयोजिका रजनी गोयल,दुर्गावाहिनी संयोजिका अनुपमा अग्रवाल,बजरंग दल से जिला संयोजक चंद्रप्रताप धाकरे ,शिवप्रताप ,अशोक कुलश्रेष्ठ, बनवारी लाल शिवहरे, महेश भटेले,जितेंद्र गुलपारिया,साधना जी सहित सभी प्रखंडों से लगभग 50 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
17 मार्च, 2025

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिये विशेष शिविरों का आयोजन सोमवार से

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(नि.सं.)।। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये राहत की खबर है। उनके लम्बित और विवादित बिलों के समाधान हेतु विशेष शिविर आयोजित किये जायेगें। शिविर का मुख्य उद्देश्य डीसी, पीडीसी और नियमित विद्युत कनेक्शनों से जुड़े बकाया बिलों का निस्तारण करना है। सोमवार को सहायक अभियंता कार्यालय, कोटपूतली में विशेष शिविर आयोजित होगा, जहां उपभोक्ताओं को मौके पर ही उनके बिलों से जुड़ी



समस्याओं का समाधान प्रदान किया जायेगा। साथ ही विवादित राशि वाले बिलों को निपटाकर तुरंत जमा करने की सुविधा भी दी जायेगी। मंगलवार 18 मार्च को ग्राम पंचायत पनियाला में शिविर आयोजित होगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी लाभ मिल सकें। यह पहल उन उपभोक्ताओं के लिये बड़ी राहत लेकर आई है, जो लंबे समय से अपने विद्युत बिलों की समस्याओं से जूझ रहे थे। यह अवसर ना केवल वित्तीय बोझ को हल्का करेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को अनावश्यक देरी और परेशानियों से भी बचायेगा। इसी प्रकार 20 मार्च को ग्राम पंचायत सुन्दरपुरा, 22 मार्च को ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा, 23 मार्च को ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा, 25 मार्च को ग्राम पंचायत नांगल पण्डितपुरा, 26 मार्च को ग्राम पंचायत कांसली, 27 मार्च को ग्राम पंचायत कल्याणपुरा खुर्द व 28 मार्च को ग्राम पंचायत अमाई में विशेष शिविरों का आयोजन होगा। जिसमें सम्बंधित जीएसएस के अधीन आने वाले गांवों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। शिविर की व्यवस्थाओं के लिये उक्त फिडर के इंचार्ज को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। शिविर में विधुत विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेगें।

## सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर,(का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुमोदन उपरान्त रविवार को सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह दर सोमवार,17 मार्च से प्रभावी होगी। इससे आमजन के साथ-साथ निवेशक और उद्यमी भी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 मार्च को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीएनजी व पीएनजी पर वैट की दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की गई थी।

## मुख्यमंत्री के फागोत्सव कार्यक्रम में लिया भाग

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(का.सं.)।। वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने रविवार को राजधानी जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह (फागोत्सव) में भाग लिया। इस मौके पर कसाना ने साफा पहनाकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को होली की शुभकामनायें प्रेषित की।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय को सामुदायिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय सम्मान

**जयपुर टाइम्स**

कोटा(नि.सं.)।। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (RTU) की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई को सामुदायिक सेवाओं में असाधारण योगदान के लिए नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ÷इंस्टीट्यूशनल अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में न्यायाधीश डॉ. संगीता ढींगरा सहगल और समिति के अध्यक्ष विजय गौड़ ने RTU के हृस्स् चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश भट्ट को राष्ट्रीय जन जागरूकता पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पांच छात्र–मुकेश, सुभाष मेघवाल, कुलदीप शर्मा, शक्तिसिंह मीणा और मुकेश विश्नोई–ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कुलपति प्रो. एसके सिंह ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सम्मान समाज सेवा और जागरूकता अभियानों में ऋज्ञ की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने हृस्स् इकाई, स्वयंसेवकों और संकाय सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि छात्रों में सामाजिक नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करेगी। हृस्स् चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश भट्ट ने कहा कि हृस्स् केवल सेवा का मंच नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी सिखाने वाला एक आंदोलन है। उन्होंने युवाओं को समाज के प्रति अधिक जागरूक और उत्तरदायी बनने का आह्वान किया।

# राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, 'हल' और गेहूं भेंट कर जताई कृषि समृद्धि की कामना

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को जयपुर स्थित राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने पुष्पगुच्छ, किसान प्रतीक हल और गेहूं की फसल भेंट कर राज्यपाल को होली की शुभकामनाएं दीं।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री चौधरी और राज्यपाल बागडे के बीच कृषि क्षेत्र में नवाचार, किसान कल्याण योजनाओं और राजस्थान के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। चौधरी ने



राज्यपाल को किसानों के हित में चलाई जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और राजस्थान में कृषि क्षेत्र को और अधिक मजबूत करने के सुझाव साझा किए।राज्यपाल बागडे ने केंद्रीय मंत्री द्वारा भेंट किए गए हल और गेहूं की फसल को भारतीय कृषि संस्कृति का प्रतीक बताते हुए इसे किसानों की मेहनत और देश की समृद्धि का द्योतक कहा। उन्होंने भागीरथ चौधरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना की। बैठक के दौरान विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी दर्ज की गई। चौधरी की इस भेंट को कृषि क्षेत्र के उत्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।



## विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(नि.सं.)।। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने कहा कि शिकायतकर्ता अपनी हर शिकायत अधिकारी तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने राशन डीलरों को सही राशन वितरण एवं नापतोल पर विशेष ध्यान रखने की बात कही एवं आमजन का सहयोग किये जाने के निर्देश दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता राशन डीलर संघ जिला अध्यक्ष ने की। विशिष्ठ अतिथि सभी ब्लॉकों के राशन डीलर एवं सतर्कता समिति सदस्य रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाबूलाल रावत, विश्राम गुर्जर, संतोष मीणा, ख्यालीराम, महिपाल, बाबूलाल, दीपाक्षी शर्मा, मुकेश कुमार, मूलचंद गुर्जर, जगदीश, कृष्ण, हंसराज पायला, बीड़ीचंद सहित सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष, राशन डीलर सहित जनप्रतिनिधि व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जयपुर टाइम्स**

कोटपूतली(नि.सं.)।। ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह एवं विकास संबंधी बैठक का आयोजन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर छात्रावास के विकास संबंधी विषय पर चर्चा की गई और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। शुभकामनायें प्रेषित की। इस दौरान महाराजा सूरजमल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महामंत्री एड. मनोज चौधरी, राजपूताना कॉलेज के निदेशक महेंद्र चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रोहिताश कपूरिया, पूर्व महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष लीलाधर लम्बोरा, विजय गेट, भूपेंद्र चौधरी, परमजीत, रोहिताश ताखर, एड. बदलू जाट, संदीप मान, रोहिताश



वहीं समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



## घुमन्तू परिवारों के 153 लोगों को मिले वोटर आईडी कार्ड

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)। सांगानेर के बी-2 बाइपास स्थित कालबेलिया, नट एवं बावरिया बस्ती में दस्तावेजीकरण अभियान के तहत 153 घुमन्तू परिवारों को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किए गए। यह अभियान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमन्तू जाति उत्थान न्यास के तत्वावधान में चलाया जा रहा है, जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और मतदाता पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं।

शनिवार को सांगानेर स्थित श्रीराम मंदिर नगर में आयोजित कार्यक्रम में सांगानेर एसडीएम हिम्मत सिंह ने मतदाता पहचान पत्र वितरित किए। वर्षों से मतदान के अधिकार से वंचित रहे लोगों ने पहली बार वोटर आईडी मिलने पर खुशी जताई और सरकार का आभार प्रकट किया। संघ के सांगानेर महानगर घुमन्तू कार्य संयोजक महेश कुमार वर्मा ने बताया कि जयपुर महानगर की विभिन्न घुमन्तू बस्तियों में दस्तावेजीकरण अभियान जारी है। सांगानेर की श्रीराम मंदिर बस्ती में प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें खाद्य सुरक्षा योजना से भी परिवारों को जोड़ा गया है।

कार्यक्रम में विभाग संघ चालक रामकरण जी, सह विभाग संघ चालक डीडी सिंह, प्रांत घुमन्तू कार्य संयोजक महेंद्र सिंह, संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव चौहान, उत्तम कुमार, सुनील, और नगर संयोजक अनिल जी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉक्टर अजय जी ने किया, जबकि अतिथियों का परिचय नगर संयोजक अनिल जी द्वारा कराया गया।

# वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 मार्च को विशेषज्ञ व लीज धारकों के बीच संवाद

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और सरलीकरण
- ड्रोन सर्वे क्षेत्र के विशेषज्ञ लीजधारकों को देंगे प्रस्तुतिकरण, नियम कायदों से भी कराएंगे रुबरु

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)।। माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 मार्च को जयपुर में तकनीकी विशेषज्ञ प्रदेश के खनिज लीज धारकों से सीधा संवाद कायम करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आयोजन खान विभाग व राजस्थान माइंस एवं मिनरल्स लि. द्वारा आयोजित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में आधुनिकतम तकनीक के उपयोग और पारदर्शी व्यवस्था के तहत 1 अप्रेल, 2025 से सभी अप्रधान खनिज लीज धारकों को लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों नई व्यवस्था के तहत ड्रोन/एरियल सर्वे में प्राप्त खनन रिपोर्ट और संबंधित लीजधारक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में अंतर आने की स्थिति में राहत देने के लिए एकबारीय समाधान योजना घोषित की है। मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के खनिज लीज धारकों को नई व्यवस्था के संबंध में विशेषज्ञों व ड्रोन निर्माता कंपनियों से प्रेजेटेंशन के माध्यम से अवेयरनेस की आवश्यकता प्रतिपादित की है। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट से खनन लीज क्षेत्र में धारक द्वारा किये गए वैध खनन, अवैध खनन या अन्य क्षेत्र के रवन्ना जारी होने की स्थिति साफ हो जाएगी। इस व्यवस्था की सबसे खास बात यह है कि खनिज लीज धारक द्वारा वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट कराकर प्रस्तुत करने से भविष्य के लिए विवाद नहीं रहेंगे। रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर आयोजित कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर महावीर प्रसाद मीणा को नोडल अधिकारी व अधीक्षण भूवैज्ञानिक संजय सक्सेना को सहप्रभारी बनाया गया है। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन, एमपीआरएसएस माइनिंग सोल्यूशन द्वारा खदानों में ड्रोन का अनुप्रयोग, वीएस सेफ्टी द्वारा खदानों के लिए सेवा के रुप में ड्रोन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। आरएसएमएम के एमडी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में हजारों की संख्या में लीजधारकों की सुविधा के लिए वोल्यूमेट्रिक आकलन के निर्देश और एकबारीय समझौता योजना जारी कर दी है। अब नई व्यवस्था लागू होने से पहले लीज धारकों को आवश्यक नियमों और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए लीजधारकों व संबधित विशेषज्ञों को साझा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जयपुर गारमेंट क्लब ने मनाया होली स्नेह मिलन समारोह 2025

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(का.सं.)।। जयपुर गारमेंट क्लब ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीतापुरा और मानसरोवर की प्रमुख मैन्युफैक्चर गारमेंट ईकाइयों के सदस्यों के साथ मिलकर होली स्नेह मिलन समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया। यह समारोह मुलबरी फार्म, प्रहलादपुरा में आयोजित हुआ, जहां सभी ने लाइव म्यूजिक और फूलों से होली खेलकर धूमधाम से त्योहार मनाया।




इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन, महासचिव अशोक गुप्ता, ट्रेजरार अमित जिंदल, जॉइंट सेकेट्री सिद्धार्थ जैन और उपाध्यक्ष केशव शुक्ल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यकारिणी मेंबर्स शंकर जोशी, किशन भागचंदानी, धीरज बापलवत, मनीष गर्ग और पूर्व महासचिव प्रकाश चांडक ने भी सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाईयां दीं और खुशियों का आदान-प्रदान किया। इस आयोजन ने सभी को एकजुट होकर होली के पर्व की खुशियों को साझा करने का अद्भुत अवसर प्रदान किया। जयपुर गारमेंट क्लब के इस समारोह ने न केवल सदस्यों के बीच भाईचारे को बढ़ावा दिया, बल्कि होली के रंगों और खुशियों को मनाने का एक शानदार अनुभव दिया।

**दिशा की त्रैमासिक बैठक**

# जोधपुर एवं फलोदी जिलों की योजनाओं व विकास गतिविधियों पर चर्चा, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

## लोक सेवाओं और सुविधाओं का बेहतर प्रबन्धन करें - गजेन्द्र सिंह शेखावत

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। जोधपुर एवं फलोदी जिलों की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वर्ष 2024-25 त्रैमास की संयुक्त बैठक केन्द्रीय पर्यटन एवं सस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में रविवार को महिला पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित हुई। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक में जोधपुर एवं फलोदी जिले में संचालित केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, अभियानों सहित लोक कल्याण एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शेखावत ने जोधपुर एवं फलोदी जिलों में पेयजल प्रबन्धन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरबन्दी तथा ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत आगामी चार माह में पेयजल उपलब्धता के लिए उपयुक्त कंटीन्जेन्सी प्लान के अनुरूप निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जाए।

### बेहतर बनाएं ग्रीष्मकालीन पेयजल प्रबन्धन

शेखावत ने जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न विषयों के निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुए समुचित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद



पड़े हैंड पम्पों तथा ट्यूबवेल्स को युद्धस्तर पर सुचारू करने के लिए जनता जल योजना अंतर्गत कारगर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में इस प्रकार से व्यवस्था सुनिश्चित करें कि गर्मियों के दिनों तथा नहरबन्दी के समय पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की दिक्कतें सामने न आएं। शेखावत ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि पेयजल से संबंधित तमाम गतिविधियों और योजनाओं की माइक्रो लेवल पर समीक्षा करें और गत वर्ष के अनुभवों को ध्यान में रखकर बेहतर प्रबन्धन तंत्र विकसित करें।

उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि कंटीन्जेंसी प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मार्च माह के अन्त तक सभी अधिकारियों के साथ पारस्परिक समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। इसके उपरान्त समीक्षा बैठक आयोजित कर इनकी समीक्षा की जाएगी।

### निक्षय मित्र योजना में शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें

शेखावत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों से कहा कि आगामी तीन महीने में टीबी रोगियों तथा निक्षय मित्र के गैप को खत्म करते हुए जोधपुर और फलोदी में निक्षय मित्र योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिलों में आ रहे मौसमी बीमारियों एवं वायरल केसेस पर विस्तृत चर्चा की और हर स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने नगर निगम आयुक्त को शहर के सीवरेज तंत्र के सुधार, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा अतिक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### डबल इंजन की सरकार 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए कृत संकल्पित –संसदीय कार्य मंत्री

संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखकर योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनता से जुड़ी परियोजनाओं को तय समयावधि में पूरा करें।

## संपादकीय .....

# मुख्यमंत्री स्टालिन का हिन्दी विरोध और भ्रष्टाचार पर चुप्पी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद की पूरे अमरीका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमरीका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिन्दी का विरोध कर रही हैं। जबकि देश के ज्यादातर राज्यों में हिन्दी न सिर्फ आधिकारिक भाषा है बल्कि सर्वाधिक बोली जाने वाली भी है।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10,000 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले 2,000 करोड़ रुपये की राशि रोकने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार राजनीतिक लाभ के लिए हिंदी थोपने का फर्जी नैरेटिव बना रही है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जितना विरोध तमिलनाडु की स्टालिन सरकार कर रही है, उतना देश के किसी अन्य राज्य ने नहीं किया। यहां तक की बात-बात पर केंद्र की भाजपा सरकार से टकराने को तैयार रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं दिखी। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने 1948-49 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले आयोग ने हिंदी को केंद्र सरकार के कामकाज की भाषा बनाने की सिफारिश की थी। आयोग की सिफारिश थी कि सरकार के प्रशासनिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामकाज अंग्रेजी में किए जाएं। इस आयोग ने कहा था कि प्रदेशों का सरकारी कामकाज क्षेत्रीय भाषाओं में हो। राधाकृष्णन आयोग की यह सिफारिश ही आगे चलकर स्कूली शिक्षा के लिए त्रिभाषा फार्मूला के नाम से मशहूर हुआ। इस सिफारिश को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने 1964-66 में स्वीकार किया। इंदिरा गांधी की सरकार की ओर से पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में इसे शामिल किया गया। सरकार ने प्रस्तावित किया कि माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषी राज्यों में छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिणी भाषाओं में से एक और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी सीखें।

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत



ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि ÷टिट फोर टेट÷ एवं ÷रेसिप्रोकल÷ आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी।

विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है।

भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है।

दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी। हर क्षेत्र में लागत कम करनी होगी ताकि भारत में उत्पादित वस्तुएं विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में खाड़ी हो सकें। भारत में रिश्वतखोरी की लागत को भी समाप्त करना होगा। भारत में निचले स्तर पर घूसखोरी की लागत बहुत अधिक है। भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं तकनीकि की लागत कम करनी होगी। कुल मिलाकर व्यवहार की लागत को भी कम करना होगा। भारतीय उद्योगों को अन्य देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाना ही इस समस्या का हल है ताकि भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद अन्य देशों के साथ विशेष रूप से गुणवत्ता एवं लागत के मामले में प्रतिस्पर्धा कर सकें। निजी क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहन देना होगा ताकि निजी क्षेत्र का निवेश उद्योग के क्षेत्र में बढ़ सके। आज भारत में पूंजीगत खर्चे केवल केंद्र सरकार द्वारा ही बहुत अधिक मात्रा में किए जा रहे हैं। आज देश में हजारों टाटा, बिरला, अडानी एवं अम्बानी चाहिए। केवल कुछ भारतीय बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से अब काम चलने वाला नहीं हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने का समय अब आ गया है।

तीसरे, मेक इन इंडिया ट्रम्प के टैरिफ युद्ध का सही जवाब है। आज भारत को सही अर्थों में ÷आत्मनिर्भर भारत÷ बनाए जाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। भारत के लिए केवल अमेरिका ही विदेशी व्यापार के मामले में सब कुछ नहीं होना चाहिए, भारत को अपने लिए नित नए बाजारों की तलाश भी करनी होगी। एक ही देश पर अत्यधिक निर्भरता उचित नहीं है। स्वदेशी उद्योगों को भी बढ़ावा देना ही होगा।

**- प्रहलाद सबनानी**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण



खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया।

विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं।भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी।लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था।

**-ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये?

## शख्सियत

# राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे कांशीराम, दलित उत्थान के लिए समर्पित किया पूरा जीवन



15 मार्च को कांशीराम का जन्म हुआ था। उनको भारतीय राजनीति में कई नामों से जाना जाता है। कांशीराम को बहुजन नायक, मान्यवर या साहेब आदि नामों से जाना जाता है। उन्होंने दलितों के लिए सादगी को अपनाते हुए अपना पूरा जीवन उन्हें समर्पित कर दिया था। कांशीराम के राजनीतिक किस्से भी काफी हैं। तो आइए जानते हैं कांशीराम के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

पंजाब के एक गांव में 15 मार्च 1934 को रैदासी सिख परिवार में कांशीराम का जन्म हुआ था। कांशीराम का नाम भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में लिया जाता है। उन्होंने दलितों के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दिया था और दलितों के लिए आंदोलन शुरू किया। कांशीराम ने दलितों के उत्थान के लिए अपना घर भी छोड़ दिया था। उन्होंने घर छोड़ने से पहले अपने परिवार को एक चिट्ठी लिखी थी। जिसमें उन्होंने लिखा था कि वह अब घर कभी वापस नहीं आएंगे। क्योंकि गरीबों दलितों का घर ही मेरा भी घर है। साथ ही उन्होंने लिखा कि वह कोई नौकरी नहीं करेंगे, जब तक बाबा साहब आंबेडकर का सपना पूरा नहीं हो जाता। तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे।

### राजनीतिक सफर

साल 1964 में कांशीराम ने रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया ज्वॉइन की। लेकिन कुछ कारणों की वजह से कांशीराम ने वह पार्टी छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति अपना संगठन भी बनाया। बाद में उन्होंने बामसेफ बनाया और साल 1984 में बीएसपी की स्थापना की, जो आज के समय में राष्ट्रीय स्तर की पार्टी है। कांशीराम दलितों के उत्थान के लिए जाने जाते थे और उन्होंने दलितों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। राजनीति में वह बहुजन नायक के नाम से जाने गए। राजनीति में कुछ किस्से ऐसे भी रहें, जो उनको राजनीति का अजातशत्रु बनाते हैं।

### मुलायम सिंह से किया था गठबंधन

यूपी में कांशीराम और मुलायम सिंह यादव ने गठबंधन किया था और इस गठबंधन के बाद यूपी की राजनीति में एक नारा आया था कि मिले मुलायम और कांशीराम हवा में उड़ गए जय श्री राम।

### ठुकराया था राष्ट्रपति बनने का ऑफर

देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति वाजपेयी चाहते थे कि कांशीराम राष्ट्रपति बनें और उन्होंने इसका ऑफर भी दिया था। लेकिन कांशीराम ने इस ऑफर को ठुकरा दिया था। साल 1996-98 के समय जब शंकर दयाल शर्मा का राष्ट्रपति का कार्यकाल खत्म हो रहा था, तब कांशीराम को राष्ट्रपति बनने का ऑफर मिला था। लेकिन उन्होंने ऑफर ठुकराते हुए कहा कि वह इस देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं, क्योंकि कांशीराम जानते थे कि प्रधानमंत्री की कुर्सी में असली सत्ता है।

### तीन बार हारे थे लोकसभा चुनाव

बता दें कि कांशीराम ने पहला लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ की जांजगीर चंपा सीट से लड़ा था। इस दौरान उनको हार का सामना करना पड़ा था। फिर साल 1988 में वह इलाहाबाद से चुनाव लड़े थे। तब भी उनको हार का सामना करना पड़ा था। फिर साल 1989 में ईस्ट दिल्ली लोकसभा से चुनाव लड़ा और इस दौरान भी उनको हार मिली थी। साल 1991 में बसपा-सपा गठबंधन के बाद वह यूपी की इटावा सीट से जीते और पहली बार लोकसभा पहुंचे।



# साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में अहम रोल निभाने वाले हैं सोहेल खान

**कई बॉलीवुड एक्टर साउथ की फिल्मों में अब अभिनय करते हुए नजर आने लगे हैं। बॉबी देओल के बाद अब एक्टर सोहेल खान भी साउथ की फिल्म में नजर आएंगे, इस फिल्म का उनका पहला लुक हाल ही में सामने आया है। उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।**

### एक्शन फिल्म है 'एनकेआर 21'

नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है। यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है।

### मिल रहा है नेगेटिव रोल का फील

सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। सोह्ले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है। वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं। सोहेल का यह लुक नेगेटिव रोल वाली फीलिंग दे रहा है। फिल्म 'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के किरदार काफी पावरफुल बताए जा रहे हैं। इन दोनों के किरदारों का आमाना-सामना दर्शक होते हुए देखेंगे। यह फिल्म सोहेल खान की साउथ में पहली फिल्म होगी। सोहेल ने बतौर एक्टर बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है, वह कॉमेडी, एक्शन, रोमांटिक सभी तरह के रोल कर चुके हैं। अब लगता है कि साउथ की फिल्म 'एनकेआर 21' में वह नेगेटिव किरदार निभाकर, दर्शकों को हैरान कर सकते हैं इस फिल्म को लेकर सोहेल खान भी काफी एक्साइटेड हैं।

### फिल्म की टीम है खास

'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के अलावा भी सई मांजेकर, श्रीकांत, पृथ्वीराज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी कर रहे हैं। इस फिल्म में अजनीश लोकनाथ ने म्यूजिक दिया है। सीनियर एक्ट्रेस विजयाशांति भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी।



# कई बार ऐसा लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए।

ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।

### इन फिल्मों में नजर आए सितारे

अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आई थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता फुकरे फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे।

### निर्माता के तौर पर सामने आए कपल

वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं। अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। फिल्म में प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण के साथ कनी कुसरुति मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है।



# पुष्पा 3 का निर्माण जल्दी करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन, आगे खिसकाई त्रिविक्रम की फिल्म!

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब पुष्पा 3 को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### पुष्पा 3 पर तेजी से काम करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा दर्शक मिले। ऐसे में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म से मिली सफलता और लोगों से उत्साह को कम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में जल्द से जल्द पुष्पा 3 का निर्माण करना चाहते हैं, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। वहीं, अब निर्माताओं के साथ मिलकर अल्लू अर्जुन इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म

हालांकि, अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पर काम करना था। अब पुष्पा 3 के लिए निर्देशक सुकुमार के साथ मिलकर काम करने से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पूरी करने की उनकी मूल योजना खतरे में पड़ सकती है। इस बीच सुकुमार भी राम चरण के साथ एक फिल्म निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# आयुष्मान और रश्मिका की 'थामा' का इंट्रोडक्टरी शूट हुआ पूरा, फिल्म से जुड़ी अपडेट आई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की आधिकारिक घोषणा की। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेश रावल के साथ आयुष्मान और रश्मिका ने फिल्म के इंट्रोडक्ट्री सीन शूट किए हैं। कथित तौर पर फिल्म से नवाजुद्दीन सिद्दिकी के किरदार से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। आइए जानते हैं फिल्म की अगला शूट कहां होगा।

### इस दिन शूट किया गया सीन

रिपोर्ट्स के मुताबिक आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल ने 12 दिसंबर, 2024 को रात के शेड्यूल के साथ शूटिंग शुरू की। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा', निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया की अगली किस्त होगी। फिल्म को अक्तूबर 2024 में ही शुरू किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई।

### दिल्ली में हो सकता है अगला शूट

कहा जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2025 में लगातार शूटिंग शेड्यूल के लिए दिल्ली में फिर से इकट्ठा हो सकती है। राजधानी में एक महीने की फिल्मांकन के बाद, वह फरवरी 2025 में ऊटी जाएंगे, जहां नवाजुद्दीन सिद्दीकी कलाकारों में शामिल होंगे।

### ऊटी के जंगलों में चलेगी लंबी शूटिंग

रिपोर्ट्स की माने तो ऊटी के जंगलों में लंबी शूटिंग की योजना बनाई गई है, क्योंकि नवाजुद्दीन के किरदार को जंगल में रहते हुए दिखाया गया है। खलनायक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर शीतल शर्मा द्वारा डिजाइन किए गए एक अनोखे लुक में नजर आएंगे। आदित्य सतपोदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'थामा' दिवाली 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।

गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है।



# टीवी सेलिब्रिटी दिखाएंगे मास्टर शेफ में कुकिंग का हुनर, फराह खान-रणवीर बरार होंगे जज

मास्टर शेफ को पसंद करने वालों की संख्या काफी है। इस शो के जरिए आम लोगों को भी अपने खाना बनाने के हुनर के कारण सेलिब्रिटी शेफ बनने का मौका मिला है। देश में आज कई ऐसे बड़े शेफ हैं, जो 'मास्टर शेफ' में बतौर प्रतियोगी आए और बाद में सेलिब्रिटी शेफ बन गए। अब इस शो में टीवी के नामी सेलिब्रिटीज नजर आएंगे और अपनी कुकिंग का हुनर दर्शकों को दिखाएंगे। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' जल्द ही शुरू होने वाला है।

### मिलेंगे मुश्किल कुकिंग टास्क

सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है। यह वीडियो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का नया प्रोमो है। इसमें शेफ रणवीर बरार, एक मुश्किल कुकिंग टास्क प्रतियोगियों को देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही निर्देशक, कोरियोग्राफर फराह खान भी नजर आती हैं। इस वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- 'जिन्हें देखकर पूरा इंडिया सीटी बजाता था, अब उन सबकी सीटी बजेगी।'

### दीपिका कक्कड़ की टीवी पर वापसी



इस शो में जो टीवी सेलिब्रिटी नजर आएंगे, उनमें से एक दीपिका कक्कड़ भी है। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आई। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। अब साफ हो गया है कि 'मास्टर शेफ' के जरिए दीपिका एक बार फिर से टीवी पर नजर आएंगी।

### गौरव खन्ना भी होंगे शामिल

टीवी सीरियल 'अनुपमा' छोड़ने के बाद गौरव खन्ना भी अब 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगे। वह दिखाएंगे कि एक्टिंग करने के अलावा उन्हें अच्छी कुकिंग करनी भी आती है।

### तेजस्वी प्रकाश भी आएंगी नजर



तेजस्वी प्रकाश कई टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं। वह 'बिग बॉस 15' जीत भी चुकी हैं। अब तेजस्वी प्रकाश भी 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगी।

# महेश बाबू की SSMB29 से जुड़ सकती हैं प्रियंका

पिछले लंबे समय से महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म SSMB29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह राजामौली और महेश के बीच पहला कोलैबोरेशन है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही फिर से इंडियन सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि प्रियंका जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।



# क्या आप हैं अच्छे प्रोफेशनल

**इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पेशे में हैं या कहां नौकरी कर रहे हैं। जो बात मायने रखती है, वह यह कि आप अपने पेशेवर दायित्वों को कितनी निष्ठा और ईमानदारी से निभा रहे हैं। एक अच्छा प्रोफेशनल बहुत आसान से दिखने वाले कामों को भी पूरे समर्पण और विशिष्टता के साथ पूरा करता है।**



ह्यूमन रिसोर्स के करियर में कई लोगों को इस सवाल से जूझते देखा गया है। रोचक यह है कि यह दुविधा कई लोगों को होती है, चाहे वे किसी भी प्रोफेशन से जुड़े हों, चाहे वे कितने भी अनुभवी हों और चाहे करियर के जिस भी पड़ाव पर हों। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी का प्रोफेशन क्या है, फर्क इससे पड़ता है कि वह अपने कर्तव्यों को किस प्रतिबद्धता से पूरा कर रहा है। अगर आप चाहते हैं कि आप भी प्रोफेशनल कहलाएं, कोई मुकाम हासिल करें और लोग आपकी उपलब्धियों को याद रखें तो आपको अपने काम करने के तरीकों पर गौर करने की जरूरत है। याद रखें, लोग सिर्फ परिणाम देखते हैं, आपके इरादे या बातें नहीं। जानते हैं ऐसी ही कुछ बातें, जो आपको एक अच्छा प्रोफशनल बना सकती हैं।

## वादों और इरादों में सामंजस्य

हम सब कई तरह के वादे करते हैं, पर एक अच्छा प्रोफेशनल अपने वादों को पूरा करने का पक्का इरादा रखता है। जब हम लोगों को यह दिखाते हैं कि हमारे वादे हमारे इरादों से अलग नहीं हैं तो वे सारे वादे कितने ही साधारण क्यों न हों, हमें सामने वालों की नजरों में खास बना देते हैं। ऐसी स्थिति में आसपास रहने वाले लोग भी अपने वादे पूरे करने के लिये प्रेरित होते हैं। लंदन बिजनेस स्कूल के विशेषज्ञों डोनल्ड सेल और डॉमिनिक होल्डर के मुताबिक, जब तक हमें यह नहीं मालूम होता कि हमारे लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है, तब तक हमारे वादे और इरादे एक नहीं हो पाते। प्रोफेशनल्स को यह पता होता है कि उनके लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है। इसी कारण वे अपने लक्ष्य से भटकते नहीं हैं।

## दूसरे प्रोफेशनल लोगों के प्रति आदर

एक प्रोफेशनल व्यक्ति अपने ही जैसे दूसरे प्रोफेशनल लोगों का सम्मान करता है। यह सही है कि हम सब अपने संस्थान में अलग-अलग तरह की पेशेवर योग्यताओं के कारण अलग-अलग भूमिकाएं निभाते हैं। यदि हम कुछ काम दूसरों से बेहतर करते हैं तो कई काम ऐसे हैं, जो दूसरे हमसे बेहतर करते हैं। पर कई बार हम दूसरों के कामों का महत्व कम आंकते हैं। आज की दुनिया तेजी से विशेषज्ञता की ओर जा रही है। आज वही सफल हैं, जो दूसरों की विशेषज्ञता की कद्र करते हैं और उनसे सीखने के लिए तत्पर रहते हैं। इसलिए किसी के बारे में कुछ भी बोलने से पहले अपनी जरूरतों के बारे में सोच लेना अच्छा रहता है।

## विशेषज्ञ दिखने और होने का अंतर

किसी प्रोफेशनल व्यक्ति की इज्जत उसके विशेष ज्ञान के कारण होती है, पर क्या आप इस विशेषज्ञता के कारण व्यक्ति के बदले हुए व्यवहार को पसंद करेंगे? अगर आपको एक घमंडी और एक विनम्र प्रोफेशनल में से किसी को चुनना हो तो आप किसे चुनेंगे? इस सवाल का जवाब बहुत ही आसान है। मानवीय संबंधों के नियम ऊंचे और नीचे के स्तर में भेद नहीं करते। अगर आपकी काबिलियत आपको दूसरों से बेहतर बनाती है तो भी आपको दूसरों से उनके स्तर पर ही बातचीत करनी होती है। लीडरशिप ट्रेनर पीटर ब्लॉक ने कहा है, 'अगर आप दूसरों से इंसानों की तरह पेश नहीं आते तो चाहे आपकी सलाह कितनी भी लाभदायक क्यों न हो, लोग आपसे मिलना और आपकी बातों को मानना पसंद नहीं करेंगे।'

## अच्छाइयों पर ध्यान देना

इंसान में कमजोरियां स्वाभाविक हैं, लेकिन एक प्रोफेशनल व्यक्ति अपनी खूबियों के बल पर ही सफलता पाता है। गैलप के द्वारा 63 देशों में 101 कंपनियों के 17 लाख कर्मचारियों पर किये गये सर्वेक्षण में यह पाया गया कि अपने रोजमर्रा के कामों में मात्र 20 प्रतिशत लोग ही अपनी खूबियों पर ध्यान देते हैं और उनका उपयोग करते हैं। इसी तरह से एक प्रोफेशनल व्यक्ति भी दूसरों की खूबियों पर ध्यान देता है, न कि उनकी कमजोरियों पर। सामने वाले व्यक्ति में खूबियां ढूंढना और उसे उसकी क्षमता से अधिक करने के लिये प्रेरित करना प्रोफेशनलिज्म की निशानी है।

## प्रोफेशनल आचरण का पालन

प्रोफशनल शब्द प्रोफेशियो से बना है, जिसका अर्थ है, शपथ लेना या कसम खाना। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार प्रोफेशनल वही है, जो किसी पेशे से जुड़ा हुआ होता है। प्रोफेशनल होने के कारण हमें पेशे से जुड़े नीति, नियम, आचार, विचार आदि पर ध्यान देना होगा। रोजमर्रा के जीवन में इन नियमों का पालन करने से ही लोग हमें सम्मान देते हैं। वास्तव में प्रोफेशनल और गैर प्रोफेशनल के बीच सबसे बड़ा अंतर इन नियमों के पालन का ही है। पीटर ड्रकर के अनुसार लक्ष्य पाने के लिये मूल्यों का होना जरूरी है और दिशा-निर्देशक मूल्यों के बगैर हर प्रोफेशन अधूरा है। यही मूल्य आचरण के नियमों में बदल जाते हैं। भले ही यह दिखायी न पड़े, लेकिन इसके बगैर कोई भी इंसान पूरी तरह प्रोफेशनल नहीं हो सकता।





**फाइनेंशियल प्लानर का करियर युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। इसमें करियर की संभावनाओं के बारे में बता रहे हैं**

# फाइनेंशियल प्लानर पूंजी के रखवाले



इसमें कोई दो राय नहीं कि गत कुछ वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलाव आया है। कई विदेशी कंपनियां भी यहां खुद को स्थापित कर रही हैं। इससे कई सेक्टर गुलजार हो रहे हैं। इन्हीं में से एक फाइनेंस सेक्टर भी है। चाहे मल्टीनेशनल कंपनियां हों या अन्य, सभी में फाइनेंशियल प्लानर अथवा उससे जुड़े एक्सपर्ट्स की जरूरत है। प्राइवेट सेक्टर के बैंकों की बुनियाद ही फाइनेंशियल प्लानर के बूते रखी जाती है।

सही मायने में देखा जाए तो फाइनेंस प्रबंधन से जुड़ा वह विज्ञान है, जिसमें धन या अन्य साधनों के निवेश की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी मिलती है। इसमें वित्तीय आदान-प्रदान में प्रबंधन के नए-नए तरीके ईजाद किए जाते हैं। इसमें इंटरनेशनल फाइनेंसिंग, मल्टी करेंसी ट्रेनिंग, अरेंजिंग स्वेप, इंटरनेशनल लीज, फाइनेंसिंग आदि को शामिल किया जा सकता है। इन सब में फाइनेंशियल प्लानरों की भूमिका अहम होती है।

## पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारी

इसमें एमबीए, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा से लेकर कई तरह के सर्टिफिकेट कोर्स मौजूद हैं। सीए, सीएस, सीएमए व सीएफए करने के बाद भी फाइनेंशियल प्लानिंग का काम किया जा सकता है। एमबीए व पीजी डिप्लोमा में प्रवेश कैट, मैट व ऐसी ही किसी अन्य मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद मिलता है। कई ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिनमें प्राइवेट संस्थान वर्ष भर में दो बार दाखिला लेते हैं। अधिकांश पाठ्यक्रम ऐसे हैं, जो वर्किंग प्रोफेशनल्स को ध्यान में रख कर शुरू किए गए हैं।

## किन क्षेत्रों में हैं अवसर

विगत कुछ वर्षों के बाजार को देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें फाइनेंशियल प्लानर के लिए रोजगार के भरपूर अवसर हैं। कुछ चुनिंदा क्षेत्र निम्न हैं-

**फाइनेंशियल प्लानिंग फर्म्स-** फाइनेंशियल प्लानिंग मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर तथा एसोसिएट ऑडिटर जैसे कई महत्वपूर्ण स्थान हैं, जहां बैठ कर अपनी किस्मत संवारी जा सकती है।

इंश्योरेंस कंपनीज- लगभग 25 प्रतिशत की दर से ग्रोथ कर रही इंश्योरेंस इंडस्ट्री में जीवन बीमा व सामान्य बीमा, दोनों रूपों में अवसर मिलते हैं। इसमें सामान्यतः ब्रांच मैनेजर, सेल्स मैनेजर, ऑपरेशन मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, एजेंसी मैनेजर के रूप में काम किया जा सकता है, जबकि ब्रोकिंग फर्म्स में रिसर्च एनालिस्ट, रिलेशनशिप मैनेजर जैसे पद मिलते हैं।

**बैंकिंग सेक्टर-** पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात छात्र यदि बैंकिंग के क्षेत्र में हाथ आजमाना चाहते हैं तो मुख्यत इनवेस्टमेंट एडवाइजरी मैनेजर, इनवेस्टमेंट रिलेशनशिप मैनेजर, रिटेल रिलेशनशिप ऑफिसर, म्युचुअल फंड मैनेजर आदि पद पर जा सकते हैं।

**केपीओ सेक्टर-** केपीओ यानी नॉलेज प्रोसेसिंग आउटसोर्स तेजी से अपना जाल फैला रहा है। फाइनेंशियल कोर्स के पश्चात छात्र डाटा एनालिस्ट, मार्केट रिसर्चर, क्लाइंट डेवलपमेंट एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, फाइनेंशियल एनालिस्ट तथा रिसर्च एसोसिएट के रूप में अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

**इक्विटी रिसर्च फर्म्स-** इस क्षेत्र में डिग्री धारक छात्र रिसर्च एनालिस्ट, इक्विटी एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, रिसर्च एसोसिएट तथा टेक्निकल एनालिस्ट बन कर पद तथा प्रतिष्ठा दोनों अर्जित कर सकते हैं।

**नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज-** रिलेशनशिप मैनेजर, फाइनेंशियल प्लानिंग मैनेजर आदि के रूप में अलग पहचान बनाने की तमन्ना रखने वाले छात्रों के लिए भी यह सुनहरा क्षेत्र है।

## शैक्षिक योग्यता

ज्यादातर कोर्स पीजी अथवा मास्टर लेवल के हैं। ऐसे में इन कोर्सों के लिए छात्र का ग्रेजुएट होना आवश्यक है। कुछ संस्थान फाइनेंशियल प्लानिंग में सर्टिफिकेट कोर्स भी कराते हैं। इसके लिए भी संबंधित संस्थान ग्रेजुएट की डिमांड करते हैं। कुछ ऐसे भी कोर्स चलन में आए हैं, जिन्हें बारहवीं (कॉमर्स, इकोनॉमिक्स व स्टैटिस्टिक्स सहित) के बाद किया जा सकता है।

## आवश्यक स्किल्स

शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ कई ऐसे गुण भी हैं, जो जॉब दिलाने के साथ-साथ प्रोफेशन में भी आगे ले जाते हैं। इनमें मुख्य रूप से धैर्य, टीम वर्क, प्रॉब्लम सॉल्विंग, टैक्स-बिजनेस आदि में रुचि, तार्किक दिमाग, प्रभावशाली संवाद, कम्प्यूटर की जानकारी, क्लाइंट से किया गया वादा पूरा करने का सामर्थ्य आदि शामिल हैं।

## संभावनाएं

फाइनेंशियल प्लानर के रूप में प्रोफेशनल्स को कई जगह अवसर मिलते हैं। फ्रेशर्स को वेल्थ मैनेजमेंट, टैक्स कंसल्टेंसी, पेंशन फंड, फाइनेंशियल सर्विस फर्म व कई सारे बैंक इन्हें ट्रेनी अथवा एग्जिक्यूटिव के रूप में जॉब देते हैं। जैसे ही ये उससे ऊपर उठते हैं, उन्हें सेल्स मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर, वेल्थ मैनेजर की पोस्ट मिलती है। यदि खुद का काम करना चाहते हैं तो कंसल्टेंसी खोल कर या फ्रीलांस के रूप में अपनी सेवा दे सकते हैं।

## एजुकेशन लोन

छात्रों को प्रमुख राष्ट्रीयकृत, प्राइवेट अथवा विदेशी बैंकों द्वारा एजुकेशन लोन प्रदान किया जाता है। छात्र को जिस संस्थान में एडमिशन कराना होता है, वहां से जारी एडमिशन लेटर, हॉस्टल खर्च, ट्यूशन फीस एवं अन्य खर्चों का ब्योरा बैंक को देना होता है। अंतिम निर्णय बैंक को करना होता है।

## वेतनमान

इस प्रोफेशन में सेलरी के रूप में कभी निराशा हाथ नहीं लगती। इसमें एंट्री लेवल पर प्रोफेशनल्स को 15-20 हजार रुपए प्रतिमाह मिलते हैं। दो-तीन साल के अनुभव के पश्चात यह सेलरी बढ़ कर 30-35 हजार रुपए प्रतिमाह हो जाती है, जबकि सीनियर लेवल पर 50-60 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहे हैं। कई ऐसे प्रोफेशनल्स हैं, जो जॉब न कर खुद की कंसल्टेंसी सर्विस चला रहे हैं। उनके लिए आमदनी की कोई निश्चित सीमा नहीं होती।

# इंजीनियरिंग छात्र बनेंगे और रोजगार कुशल

**रोजगार के लिहाज से कुशलता के लिए इंजीनियरिंग छात्र उच्च संस्थानों से प्रशिक्षण हासिल करेंगे. भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के बाद अब राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईई-एलआईटी) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे.**



इंजीनियरिंग के छात्रों को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बीएसएनएल से हाथ मिलाने के बाद अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) एनआईईएलआईटी के साथ हाथ मिलाएगा. एनआईईएलआईटी से एआईसीटीई के साथ अनुबंध होने के बाद इंजीनियरिंग के छात्र पाठ्यक्रम के अलावा प्रायोगिक रूप से रोजगार के लिहाज प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे. उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के तहत आने वाले देशभर के इंजीनियरिंग कालेजों के छात्र अपने पाठ्यक्रम के मुताबिक शिक्षा प्राप्त करते हैं. लेकिन इन छात्रों को रोजगार के लिहाज से कुशल प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है. इसके मद्देनजर एआईसीटीई ने कुछ महीने पहले बीएसएनएल के साथ एक अनुबंध किया था कि इंजीनियरिंग छात्रों को रोजगार के मुताबिक इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षित किया जा सके और वे टेलीकॉम उद्योग के क्षेत्र में कुशलता हासिल करके रोजगार प्राप्त कर सके. इसके लिए बीएसएनएल के 43 प्रशिक्षण केंद्रों में अब तक 7500 इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है. वोकेनशल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत बीएसएनएल के प्रशिक्षण केंद्रों में एआईसीटीई की ओर इंजीनियरिंग कालेजों के छात्रों को नामित किया जाता है. इसी तरह से अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ अनुबंध करने जा रहा है. इसके बाद इंजीनियरिंग के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक एवं इंफार्मेशन टेक्नालॉजी का प्रशिक्षण एनआईईएलआईटी के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण मिल सकेगा. एआईईएलआईटी के देशभर में करीब आठ सौ प्रशिक्षण केंद्र हैं. अनुबंध के बाद एआईईएलआईटी के प्रशिक्षण केंद्रों में इंजीनियरिंग के छात्रों को प्रशिक्षण के लिए नामित करने का काम एआईसीटीई की ओर से किया जाएगा.



# चंग की थाप व फूलों की होली के साथ जोन 3 का होली स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं)।** होली उत्साह, उल्लास, उमंग, रंगों का त्योहार है। धुलंडी के दिन हर कोई रंगों की मस्ती में नजर आता है। अब शाम को अपनों के साथ भजन व भोजन की जुगलबंदी मिल जायें तो त्योहार का सुख ओर बढ़ जाता है। माहेश्वरी समाज सेवा, त्याग व सदाचार के लिए जाना जाता है। होली के उपलक्ष्य में जयपुर में जोन वाइज 4/5 जगहों पर होली स्नेह मिलन व गोठ का आयोजन माहेश्वरी बंधुओ द्वारा किया जाता है। स्नेह मिलन की इसी कड़ी में सीकर रोड़ स्थित रामेश्वरम गार्डन में माहेश्वरी बंधु जोन 3 के होली स्नेह मिलन व गोठ का भव्य आयोजन धुलंडी की सायंकाल किया गया। स्नेह मिलन व गोठ की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अनजान व्यक्ति को गोठ प्रांगण में ले जाकर पूछा जायें कि हम यहां कौनसे कार्यक्रम में आयें है तो निश्चित रूप से उसका जवाब होगा कि किसी वैवाहिक समारोह में आयें है। समाज के अरूण मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने के लिए एक महीने पहले से ही तैयारियां शुरू कर समाज बंधुओ को अलग अलग कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। स्नेह मिलन समारोह के प्रवेश द्वार पर चार पंजाबी ढ़ोल वादक आगंतुक स्वजनों का ढ़ोल बजाकर स्वागत करते नजर आते हैं। बिना टिकट व अनाधिकृत लोगों को रोकने के लिए प्रवेश द्वार पर बाउंसरों की व्यवस्था की गई थी। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व स्वागताध्क्ष को प्रवेश द्वार से ही ढ़ोल वादकों के साथ भव्य व विशाल मंच पर लाकर आसन ग्रहण करवाकर राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा, माला, दुपट्टा आदि पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया जाता है। गोठ में आने वाले प्रत्येक समाज बंधु का गोठ समिति द्वारा केसर-चंदन का टीका लगाकर गले में मेहरून रंग का दुपट्टा ओढ़ाकर अपनत्व भाव से स्वागत किया जा रहा था। गोठ प्रांगण में बने विशेष मंच पर चंग की थाप व म्यूजिकल ग्रुप की बैजोड़ जुगलबंदी पर विशेष रूप से बुलाई टीम ने राधा-कृष्ण की छवि सहित मयूर नृत्य कर रहे टीम सदस्यों के साथ समाज बंधु भी भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आये। इस दौरान नृत्य कर रहे समाज बंधुओ पर सुगंधित पुष्पों की बरसात की गई। फागोत्सव का आयोजन अरूण-निर्मल दरगड़ की तरफ से किया गया था।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में हुआ 205 रोगियों का पंजीयन

जयपुर टाइम्स




**बिजौलिया(निसं.)।** नन्दूबाई सरजूबाई धार्मिक एवं पूर्त न्यास एवं सांवललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूर्त न्यास द्वारा विशाल नि:शुक्ल चिकित्सा शिविर का आयोजन नटराज हॉस्पिटल में किया गया। शिविर में प्रख्यात चिकित्सकों नेअपनी सेवाएं दी। 205 रोगियों का पंजीयन हुआ। 9 रोगियों के आंखों का नि:शुल्क आपरेशन कोटा में नि:शुल्क कराया जाएगा। प्रबन्ध ट्रस्टी कमलेश कुमार सनाढ्य, ट्रस्टी बद्री प्रसाद गुरुजी व रामचन्द्र सनाढ्य ने चिकित्सकों को उपरना व रामलला मन्दिर अयोध्या का चित्र भेंट कर स्वागत किया।

# युवक का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

## पुलिस ने एफ एस एल टीम को बुलाया मौके पर, शव की अभी नहीं हुई शिनाख्त

**चाकसू(निसं)।** चाकसू नेशनल हाईवे 52 निमोडिया कट के पास भगवानपुरा गांव के समीप पाइप फैक्ट्री के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की स्थिति को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। शव पुराना होने से काला और गलने लगा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाया है।

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम मनसूखी से बदलकर मनसूखी जाट (MANASUKHI JAT) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मनसूखी जाट (MANASUKHI JAT) के नाम के नाम से ही जाना, पुकारा, पहचाना जावे।
मनसूखी जाट (MANASUKHI JAT) पत्नी परमेश्वर जाट, वार्ड न 1, अंबेडकर भवन के पास, गांधी बस्ती, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान 331507

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु

ई- 44 अग्रसेन नगर चूरू
E-mail: eemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01562-254670

क्रमांक- प.01()/चि. स्वा. / खण्ड - चूरु / 2024-25 / 1524 दिनांक- 06.03.2025

**निविदा सूचना संख्या- 23/2024-25**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चुरु के अन्तर्गत जिला चूरू के उप जिला अस्पातल राजगढ़ में फायर सिस्टम, लिफ्ट एवं एयर कंडिशनिंग एवं प्रा. स्वा. केन्द्रों पर आन्तरिक विधुतीकरण कार्य का कार्य राशि रु. 243.11 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No.
1. NRH2425WSOB02525
2. NRH2425WSOB02526
3. NRH2425WSOB02527
4. NRH2425WSOB02530

(राजेश कुमार सोलंकी)
अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा
एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू

DIPR/C/3536/2025

## नाम परिवर्तन

मैं आज यह घोषित करता हूं कि मैंनें मेरा नाम महेश कुमार सिन्धी पुत्र घनश्यामदास सिन्धी से बदलकर महेश कुमार सबनानीं कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे बदले नाम महेश कुमार सबनानीं से ही जाना व पहचाना जावे।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सुजानगढ़

E-Mail: eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक- अअ/जनस्वा/निविदा/2024-25/2596-2614 दिनांक- 05/03/2025

**'ई' निविदा सूचना संख्या 48 से 55 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -ना अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड़ खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़ (डी. डी. ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 48/2024-25 | PHE2425WSRC11234 |
| 49/2024-25 | PHE2425WSRC11235 |
| 50/2024-25 | PHE2425WSRC11238 |
| 51/2024-25 | PHE2425WSRC11239 |
| 52/2024-25 | PHE2425WSRC11241 |
| 53/2024-25 | PHE2425WSRC11244 |
| 54/2024-25 | PHE2425WSRC11245 |
| 55/2024-25 | PHE2425WSRC11246 |

(कैलाशचन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता.
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड- सुजानगढ

DIPR/C/3553/2025

# कार्यालयग्राम पंचायत लालगढ

## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापंलालगढ/2024-25/146-150 दिनांक- 12.03.2025

**निविदा सूचना संख्या 08/2024-25**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | WSP निर्माण कार्य कब्रिस्थान के पास लालगढ | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/ अपलोड करने की तारीख | 13.03.2025 सांय 6 बजे से 20.03.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 20.03.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 20.03.2025दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2425A0996 UBN ZCR2425WSOB01836 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत लालगढ
प.सं. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लालगढ
प.सं. बीदासर (चूरू)

# कार्यालय ग्राम पंचायत ज्याक

## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प. ज्या./खु.नि./2024-25/335-340 दिनांक- 11.03.2025

**खुली - निविदा सूचना - 06/2024-25**

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://SPPP rajasthan.gov.in NIB no- ZCR 2425 A 0991, UBN No- ZCR2425WSOB01824- ZCR 2425 WSOB 01827 पर Download कर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ज्याक
प.सं. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ज्याक
प.सं. बीदासर (चूरू)

प्रारूप - 10
नियम 6 (7) देखिए

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद, दूदू, जिला जयपुर

क्रमाक-451 दिनांक- 04 मार्च 2025

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि के अनुसार भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भुमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जिनका विवरण निम्न सारणी के अनुसार है।

| आवेदक का विवरण | ग्राम, जिले, तहसील का नाम | खसरे व क्षेत्रफल | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|
| 01 - श्री कैलाश चन्द पुत्र श्री भैरूराम साहू, जाति तेली, निवासी गढ के पीछे, करणी माता, दूदू 02 - श्री नन्दसिंह पुत्र श्री जिला रामसिंह, जाति रावणा राजपूत, निवासी जयपुर पचाला, तहसील फागी, जयपुर | ग्राम दूदू तह. दूदू जिला जयपुर | खसरा न. 8951 /7013 रकबा 0. 4046 हैक्टेयर, कुल खसरे 01 कुल रकबा 0.4046 हैक्टेयर भूमि सम्पूर्ण | आवासीय / व्यावसायिक योजना प्रयोजनार्थ |
| श्री विनोद वर्मा पुत्र श्री गोपाल लाल, जाति धोबी, निवासी धोबियो का मोहल्ला, बगरू, जयपुर जिला जयपुर (राज.) | ग्राम दूदू तह. दूदू जिला जयपुर | खसरा न. 6422 रकबा 0.5800 हैक्टेयर, खसरा न. 6423 रकबा 0. 1000 हैक्टेयर व खसरा न. 8985/5955 रकबा 0.0786 हैक्टेयर, कुल खसरे 03 कुल रकबा 0.7586 हैक्टेयर भूमि सम्पूर्ण | आवासीय योजना प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तारकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आपेक्ष नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर अधीन दिनांक 04 मार्च 2025 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर परिषद दूदू

# कार्यालयग्राम पंचायत ज्याक

## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापंज्याक/2024-25/341-345 दिनांक- 12.03.2025

**निविदा सूचना संख्या07/2024-25**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | खेल व शारीरिक फिटनेस हेतु उपकरण खरीद कार्य ज्याक | 808647 | 16173 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/ अपलोड करने की तारीख | 13.03.2025 सांय 6 बजे से 20.03.2025 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 20.03.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 20.03.2025दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2425A0995 UBN ZCR2425WSOB01835 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ज्याक
प.सं. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ज्याक
प.सं. बीदासर (चूरू)

प्रारूप - 10
नियम 6 (7) देखिए

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद, दूदू, जिला जयपुर

क्रंमाक - 449 दिनांक- 04 मार्च 2025

**लोक सूचना**

01 - श्री मुनीश कुमार जैन पुत्र श्री फूलचन्द जैन, उम्र 55 वर्ष, जाति जैन, निवासी बीपीसीएल पैट्रोल पम्प के पीछे, दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर आवेदित ख.न. 296, 297, 310, 311, 7508/311, 8977/312 में हिस्सा 3160/8857, 02-श्री दिनेश संचेती पुत्र स्व. श्री सागर मल संचेती, उम्र 50 वर्ष, जाति महाजन, निवासी 75, ओसवाल मौहल्ला, किशनगढ़, मदनगंज-किशनगढ़, जिला अजमेर आवेदित ख.न. 296, 297, 310, 311, 7508/311, 8977/312 में हिस्सा - 2107 /17714, 03-श्री महेश कुमार जैन पुत्र श्री ग्यारसी लाल जैन, उम्र 53 वर्ष, जाति जैन, निवासी आर.डी. मित्तल हॉस्पिटल पुरानी मिल चौराहा सिटी रोड़, किशनगढ, जिला अजमेर आवेदित ख.न. 296, 297, 310, 311, 7508/311, 8977 / 312 में हिस्सा 9287/17714, 04 - श्री जीत मल बागरेचा पुत्र श्री अमरचन्द बागरेचा, उम्र 59 वर्ष, जाति महाजन, निवासी 78, राधा मार्ग, सेक्टर 6 विद्याधर नगर, जयपुर जिला जयपुर आवेदित ख.न. 298 में हिस्सा सम्पूर्ण ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि के अनुसार भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भुमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| ग्राम, जिले, तहसील का नाम | खसरे व क्षेत्रफल | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|
| ग्राम दूदू तह. दूदू जिला जयपुर | खसरा न. 296 रकबा 0.1200 हैक्टेयर, खसरा न. 297 रकबा 0.3776 हैक्टेयर, खसरा न. 310 रकबा 0.0500 हैक्टेयर, खसरा न. 311 रकबा 0.0600 हैक्टेयर, खसरा न. 7508 / 311 रकबा 0.3000 हैक्टेयर, खसरा न. 8977/312 रकबा 0.8638 हैक्टेयर, कुल खसरे 06 कुल रकबा 1.7714 हैक्टेयर भूमि सम्पूर्ण भूमि व खसरा न. 298 रकबा 0.7600 हैक्टेयर सम्पूर्ण भूमि कुल आवेदित रकबा 2.5314 हैक्टेयर भूमि | आवासीय / व्यावसायिक योजना प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके, द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तारकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आपेक्ष नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 04 मार्च 2025 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर परिषद दूदू

# होली के त्यौहार पर दिखा भक्ति, परंपरा और उल्लास का अद्भुत मेल


मंडावा


मंडावा


मंडावा


तारानगर।


तारानगर।


चूरू।




चूरू।


चूरू।


चूरू।


बीदासर।


सरदारशहर।

जयपुर टाइम्स

**मंडावा।** श्री सर्व हितैषी व्यायामशाला के तत्वावधान में लक्ष्मीधर शुक्ल की स्मृति में परंपरागत होली महोत्सव के तहत गुरुवार शाम नगरपालिका चौक पर फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फागणियों कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद बजरंग लाल धाभाई रहे। अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन लाल मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, मंडावा राजघराने से अंगद देव सिंह, गीतांजलि बाईसा, प्रियांजलि बाईसा, रामस्वरूप देवड़ा, संस्था के अध्यक्ष सुरेश पालड़ीवाला जगदीश चौहान, भोला सिंह यदुवंशी, बनवारी लाल भादूपोता, डिप्टी ग्रामीण हरि सिंह धायल, थानाधिकारी रामनिवास, रामस्वरूप चोपदार, अरविंद पारीक, मधुसूदन खेमानी, श्रीराम ढंड, हरीराम चेजारा, पालिका उपाध्यक्ष नवाब खत्री, सीआई महेंद्र चावला रहें। चंग पर थाप लगाकर फागोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बांसुरी की मधुर स्वर लहरी व चंग की जुगलबंदी पर नृत्य की लय के साथ फाल्गुनी धमालें झीणे घुंघट में गौरी को मुखड़ो पळको मारे रे, नाचे गौरी बाजे रे रंगीलो चंग, पनघट को रे श्याम रसियों बांसुरी व चंग की जुगलबंदी पर नगाड़ की गूंज पर प्रस्तुतियों पर होली के रसियों के पैर थिरके तो विदेशी सैलानी भी उनके साथ ताल से ताल मिलाकर ठुमके लगाते हुए राजस्थानी संस्कृति मे खो गए तथा होली महोत्सव का लुत्फ उठाया। इस दौरान अतिथियों ने सभी ढफ मंडली कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में रामस्वरूप जोशी, बालकिशन भाटीवाड़, प्रफूल भादूपोता, गिरधारी भाटीवाड़, संदीप शर्मा, पितांबर मिश्रा, मधुस्वामी, संदीप सिंह, नंदकिशोर यादव, चिरंजी लाल सैनी, शशीकांत सैनी, जाकिर रंगरेज, छोटे लाल सैनी, परमेश्वर चेजारा, शंकर सुरोलिया, सत्यनारायण बावलिया, विष्णु जोशी, मनोज भादूपोता, राजेश रणजीरोत, किशोर थलिया, रमेश हेमानी, प्रमोद देवड़ा, संजय रामगढ़िया, इलू हेमानी, राजकुमार देवड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे। संचालन सुभाष बावलिया ने किया।

**मंडावा।** कस्बे के मुकुंदगढ़ मार्ग पर सियाराम जी की बगीची में शनिवार रात को होली स्नेह समारोह व फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सीआई महेंद्र चावला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन होली महोत्सव के शांति व सफल संचालन पर किया जाता है और कार्यक्रम में अपना योगदान देने वालों का सम्मान बगीची के महंत विष्णु जोशी की ओर से किया जाता है। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, सीआई महेंद्र चावला, सुरजगढ़ के पं राजकुमार शर्मा, श्री सर्वे हितेषी व्यायामशाला के अध्यक्ष सुरेश पालड़ीवाला, बालकिशन भाटीवाड़ा, पीतांबर मिश्रा, पंकज पशुपति शर्मा, बनवारी लाल उर्फ मुन्ना, राजेश रणजीरोत सहित अन्य का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वही ढप मंडली कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली धमालो के साथ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर देर रात तक समा बांधा। मंच का संचालन शिक्षाविद्ध सुभाष चन्द बावलिया ने किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल विष्णु जोशी, संत कुमार चोपदार, किशोर थलिया, मोती जोशी, सत्यनारायण बावलिया, अरुण दुलड़, शिव भगवान, संजय कुमार, ब्रह्मदत्त जोशी, विनोद दिलोईवाला, श्रवण महरिया, हरि सिंह नरूका, राजेंद्र पंवार, शीशपाल यादव, पुरुषोत्तम सैनी, रमेश कोशिक, संजय जोशी, प्रमोद देवड़ा, धर्मपाल शास्त्री, सज्जन सैन, ओम मोर्य, जेपी मोर्य, बीएल सैन, गोपाल सैन, उत्तम गहलोत, सहित कस्बे के लोग मौजूद रहे।

**मंडावा।** कस्बे में धुलडी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा दिन भर बाजार मैं होली के रसियो की भीड़ रही तथा एक दूसरे के गुलाल लगाया। परंपरा अनुसार मंडावा में सूखे गुलाल से होली खेली जाती है तथा पानी की एक बूंद भी इस पर्व पर बर्बाद नहीं करते हैं जो मंडावा की विश्व मैं एक अलग ही पहचान है। कस्बे के गढ़ परिसर में शुक्रवार को कस्बे वासी राजघराने परिवार को शुभकामनाएं देने पहुंचे इस दौरान ठाकुर अंगद देव सिंह के गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संजय चोपदार, किशोर थलिया, जगदीश महरिया, बालकिशन भाटीवाड़ा, सुरेश पालड़ीवाला, किशोर सिंह जाटू, सत्यनारायण शर्मा, शुभम थलिया, जितेंद्र सानेल, जुगल किशोर सोनी, चंद्रपाल सिंह पाटोदा, महिपाल सिंह तोलियासर सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

**तारानगर।** तारानगर के विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ की अध्यक्षता में शनिवार को क्षेत्र की चौधरी धर्मशाला में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिँह राठौड़ व चूरू लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया, जिला उपाध्यक्ष पराक्रम राठौड़ ने भी शिरकत की। राठौड़ ने मुख्य बाजार में व्यापारियों से रामा श्यामा की एवं होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार में नित रोज विकास के नए आयाम छुए जा रहे है। इस बजट में भी तारानगर को बहुत कुछ मिला है। इस मोके पर जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, महावीर पूनियाँ, नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल, जसवंत स्वामी, विशाल शर्मा, रणजीत सिँह तंवर, मदन नायक, सुनील भाकर, त्रिलोक रेगर, हरिसिंह प्रजापत, महेंद्र स्वामी सहित पार्टी सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**तारानगर।** तारानगर के जाट विकास संस्थान में राजस्थान जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल की अध्यक्षता में रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों जैसे डीजे, मृत्युभोज, दहेज को पूर्ण रूप से बंद करने तथा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर कैसे रोक लगाई जाए आदि पर विचार व्यक्त किए गए और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। जीताराम जांदू ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, मदन कालेरा, गिरधारी सिहाग, जीतूसिंह तेतरवाल, भोजराज महला, रामस्वरूप झाझड़िया, ओमप्रकाश भाकर, शीशपाल धींधवाल, श्रवण सहारण, भागीरथ भाकर, मांगीलाल कुलड़िया, रामप्रसाद सहारण, रोहित भाकर, विजय सुंडा, विक्रम सहारण, अनिल नुइयाँ, अरविंद लंबोरिया, रामजीलाल, बन्नेसिंह मोगा, राजेन्द्र भाकर, विजय बेनीवाल, डूंगरमल मील, मदन सिंह महला, पार्षद जयनारायण सहारण, सुभाष चन्द्र, ओमप्रकाश हुड्डा, दलीप रेप्सवाल, अनिल, प्रमोद पूनियां, बलराम मोगा, विनोद पिलानिया, मानसिंह बिजारनिया, धर्मपाल सिंह फोगावट, सहीराम महला, भगतसिंह भाकर सहित समाज के सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

होली पर्व पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने शहर में व्यापारियों व शहरवासियों से होली की रामा-श्यामा कर पर्व को शांति व भाईचारे से मनाने का संदेश दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ व विधायक सहारण ने मोजसिया चौक, गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर होते हुए सुभाष चौक तक व्यापारियों से रामारमी की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाए। विधायक सहारण ने कहा कि यह पर्व आपसी घुल मिलकर मनाने का पर्व है। यह पर्व एक दूसरे के रंग लगाकर आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाने वाला है। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, चंद्राराम गुरी, पदम सिंह, वासुदेव चावला, मदन गोपाल बालाण, सुरेश सारस्वत, अष्विनी बुडानिया, कपिल रक्षक, विष्णु सोनी, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद है।

**चूरू।** ढ़ांढ़ण वाली दादी जी का टाबरिया परिवार चूरू की ओर से शुक्रवार को सत्संग भवन में होली उत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज हिमांशु चोटिया ने गणेश वंदना से किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दादी की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर किया। मेहुल शर्मा ने मैं रहूं ना रहूं इस दुनिया में तेरा कीर्तन यूं ही चलता रहे..., आशीष डीडवानिया ने माई थारी ज्योत समाई, फतेहपुर की कृष्णा किशोरी व्यास ने लुट रहा दादी का खजाना, सूरत की वर्षा सोनी ने खूब सजा दरबार सहित अनेक आकर्षक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान निदरलैंड के फूलों से दादी के दरबार का विशेष श्रृंगार किया गया। गौरतलब है कि संजय बजाज का कोलकाता से ढ़ांढ़ण धाम की पदयात्रा के रजत जयंती वर्ष होने पर समिति की बहु-बेटीयों को दादी का लोकेट वितरण कर सम्मान किया गया। इस दौरान बीकानेर की अतिरिक्त जिला कलेक्टर निधि उड़सरिया व गुजरात के जीएसटी कमिश्नर विमल सोनी का प्रशस्ति-पत्र, दुपट्टा पहनाकर व श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान पूर्व सभापति गोविन्द महनसरीया व समाज सेवी काशीराम क्याल का दुपट्टा पहनाकर समान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला -पुरूष उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय बजाज ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

श्री ढ़ांढ़ण शक्ति भक्त मंडल चूरू के तत्वाधान में निकटवर्ती ग्राम ढ़ांढ़ण के टिडा गेला शक्ति धाम में 20वां फागोत्सव होली के चंग दादी जी के संग कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दादी की दिव्य ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। चूरू के राघव चौधरी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। कोलकाता के मूलचंद बजाज ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक भजनों की अमृत वर्षा कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। बजाज ने फूलों की होली, केसर चंदन को छिड़काव, होलिया में उड़े रे गुलाल जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं अकोला की गायकार नेतल शर्मा ने होली खेलबा आओ मां मण्ड के बाहर आओ मां, ढ़ांढ़ण दादी के दरबार मची रे होली, लाया थारी चुनरी करियो मां स्वीकार जैसे भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर फूलों की होली, गजरा उत्सव व चुनरी उत्सव सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। चूरू के संजय शर्मा ने भी मेरी दादी का लाडला जैसे भजनों से दादी को खूब रिझाया। इस अवसर पर कलाकारों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। मंडल के कार्यकर्ताओं ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन दादी की दिव्य आरती से किया गया।

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन र्स्पोटस क्लब की ओर से आयोजित होली धमाल कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने चंग की थाप बजाकर होली पर्व पर शांति का संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सलामत रहे तेरा मेरा दोस्ताना गाने की प्रस्तुति दी। समिति के मदनलाल राजपुरोहित व स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि होली के धमाल कार्यक्रम में अग्रसेन नगरवासियो ने होली गीतों पर भाजपा के पदाधिकारियों ढप बजाए। इस अवसर पर महिलाएं व पुरुष ने धमाल के गीत गाए। इससे पुर्व हनुमान सिंह शेखावत, विमल भटनागर, शुभकरण शर्मा , प्रमेश्वर शर्मा, महेन्द्र शर्मा, जगदीश खेडीवाल, हुकमीचन्द गौड, रामोतार मेहला, सोहन लाल, ओम इन्दोरिया को क्लब के विकाश सोनी, विपिन कस्वा, अभिषेक पाठक, प्रमोद गौड़, बजरंग हर्षवाल, राजेन्द्र शर्मा, मनिष हारित राजेन्द्र राठौड़, शैलेन्द्र सोनी, जितेन्द्र गिरदावर, राकेश, सुभाष, सुमेर स्वामी व कमल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डा.रविकांत शर्मा ने किया।

**बीदासर।** कस्बे की बालबाड़ी विद्यालय परिसर में बीदासर होली रसिया महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नवलगढ़ हर्ष वर्धन सैनी ग्रुप की ओर से राजस्थानी लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। देर रात्रि तक चले कार्यक्रम को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमडा। होली पर्व पर आए प्रवासियों ने भी कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस मौके प्रवासी अशोक दुगड़, जगत गोलछा, राजेश दुगड़, अशोक बोथरा, दानमल बांठिया, जवाहर सिंह राठौड़, भेरूदान बच्छावत, दिलीप सिंह राजपुरोहित, मालचंद कोठारी, प्रकार बोथरा, प्रभु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** शहर में नगर परिषद की ओर से गांधी चौक पर दो दिवसीय होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग क्षेत्र से आई चंग मंडलियों की ओर से शानदार होली के गीतों की प्रस्तुतियां देकर पूरे गांधी चौक के वातावरण को होली की मस्ती का बना दिया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी व आयुक्त मगराज डूडी व नगर परिषद टीम की ओर से होली महोत्सव में आए हुए अतिथियों व चंग मंडलियों का सम्मान किया गया। दो दिवसीय होली महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में गांधी चौक पर क्षेत्र के लोगों ने होली महोत्सव कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया। होली महोत्सव कार्यक्रम में नगर परिषद की ओर से दूसरी बार गांधी चौक पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका क्षेत्र के लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। वहीं नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी व नगर परिषद आयुक्त मगराज डूडी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रोजा इफ्तार की दी दावत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय के भरतिया रोड़ पर कॉम काजियान सदर संजय भाटी व आर के कांट्रेक्टर ग्रुप के मोहम्मद इमरान व रहीश भाटी की ओर से गुरूवार को रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदीना मस्जिद इमाम मौलाना अब्बास अली और मदरसा तौकीर उलूम के मौलाना ने देश- प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति प्रतिनिधि रमजान खान, सुरेश शर्मा, मकसूद अली भींचर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, आरिफ खान, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, अबरार खान, अब्दुल जब्बार, जाकिर झरियावाला, हिदायत खान, असलम भाटी, मुराद अली ठेकेदार आजाद भाटी सहित अनेक पार्षद शाहरुख खान, बाबू मंत्री, आबिद जाबसरिया, नोमान अहमद, तारीख नागोरी, सलीम गौरी, लाल मोहम्मद हकीमवाला और शहर के नागरिक शामिल हुए। इस दौरान मौलाना अब्बास अली ने कहा कि यह नेक महीना हैं, इसमें जितनी इबादत करे वह कम है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार व आमजन मौजूद रहे।

## दूसरे जुम्मे की नमाज अदा, मांगी अमन चैन की दुआ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पवित्र माह रमजान के दूसरे जुमे पर शहर की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस मौके पर मदीना मस्जिद में मौलाना अब्बास अली ने जुमे की नमाज अदा कराई। इस दौरान मौलाना अब्बास अली ने अपनी तकरीर में कहा कि युवा मोबाइल पर अपना समय बर्बाद न करें, वे इस माह की अहमियत समझते हुए अधिक से अधिक रब की इबादत में अपना वक्त लगाएं। मदीना मस्जिद में अहले भी दौरान तकरीर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि रोजा और नमाज बुराइयों से बचने की ढाल है। उन्होंने मालदार लोगों से अपने धन का ढाई प्रतिशत हिस्सा गरीब लोगों को जकात के रूप में दान कर गरीबों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान शहर की विभिन्न मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा कर देश में अमन व चैन की दुआएं मांगी गईं।

## भामाशाह बैद ने सभागार निर्माण के लिए किया सहयोग



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव लूंछ की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 30 लाख रुपए की लागत से बन रहे सभागार के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले दानदाता का शनिवार को अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का अवलोकन करने आए दानदाता जोधराज बैद का सरपंच संपतराम नायक, प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा एवं ग्रामीण मुरलीधर शर्मा ने स्वागत किया। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने इंदिरा देवी बैद स्मृति सभागार निर्माण की आवश्यकता व उपादेयता को रेखांकित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए स्कूल विकास समिति की देखरेख में सभी के सकारात्मक सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर ख्यालीराम ढाका, श्यामसिंह, केसराराम पंवार, टोडाराम, निरंजन जांगिड़, फूलसिंह, रामकुमार पंवार, रघुवीरसिंह, कमल, महेंद्र श्योराण, अमरचंद शर्मा, सुनील सेन, मनोज अग्रवाल, रीटा शर्मा, इंदिरा बड़जाती, अरविंद महर्षि, मगनाराम नायक, हरिकृष्ण शर्मा, सरोज सैनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## काशीराम जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के मेघवाल गेस्ट हाउस में बहुजन समाज में राजनीतिक चेतना के प्रणेता कांशीराम की जयंती शनिवार को मनाई गई। अजाक जिलाध्यक्ष अशोककुमार आलड़िया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कांशीराम के चित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया व समाज को जागरूक व शिक्षित बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर अजाक के जिला उपाध्यक्ष रिखाराम तालणिया, तहसील इकाई के कोषाध्यक्ष वीरेंद्रकुमार बुनकर, राजेंद्र बाकोलिया, जेपी भाटी, भोलाराम इंदलिया, अनिल जावा, महेश आलड़िया, राजेंद्रकुमार, विजय कुमार, रामचंद्र, कालूराम, महावीरप्रसाद, धन्नाराम बालान सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंगतुराम मंडीवाल ने किया।

# तीन सीसी सड़कों का पूर्व सांसद ने किया शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार की ओर से एक करोड रुपए की लागत से नगर पालिका क्षेत्र में बनने वाली तीन सड़कों का कार्य शुरू हुआ। शनिवार को वार्ड 11 में राजस्थान पब्लिक स्कूल के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच सज्जन पूनिया, मास्टर एसपी बुड़ानिया, पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा, धर्मपाल आर्य, पूर्व पार्षद महेश पंवार, भगवान सिंह पूनिया थे। राजस्थान पब्लिक स्कूल, मण्डावा के निदेशक हरलाल सिंह मोगा ने माला व साफा पहनाकर पूर्व सांसद का स्वागत किया। नरेंद्र कुमार खीचड़ ने वार्ड में झुंझुनूं मुख्य सड़क से हरलाल सिंह मोगा के घर होते हुए भारत ई मित्र तक बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कस्बे व विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की जो भी प्रमुख विकास की मांगे होगी राज्य सरकार की ओर से उनका समाधान करवाया जाएगा। साथ ही नरेंद्र कुमार ने कहा कि नगर पालिका के चुनाव आने वाले हैं और वार्डों का निर्धारण सही तरीके से हो और कोई परेशानी हो तो मुझे अवगत करवाए तथा आप सबको एकजुट होकर इस बार नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बनाकर अध्यक्ष बनाना है। इसके अलावा कस्बे में वार्ड 2 में महेन्द्र सैनी के घर से वीर सिंह आलडिया के घर होते हुए शीतला माता मन्दिर तक, जवाहर काजी के घर से रामगढ़ पुलिया तक सीसी एवं बीटी सड़क निर्माण कार्य होगा। वही इस दौरान विजेंद्र सैनी ने वार्ड 25 में बड़वाला बालाजी मंदिर से खिड़िया कुआं तक क्षतिग्रस्त सड़क का पुने डामरीकरण करवाने की मांग रखी और मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने रामगढ़ रोड पुलिया से न्यांगली से पहले मंडावा विधानसभा क्षेत्र की सीमा तक क्षतिग्रस्त सड़क का डामरीकरण करवाने को लेकर ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश राहड़ डॉथ जेपी खीचड़, श्रीचंद पूनिया, बजरंग लाल मीणा, अमर चन्द मेघवाल, बलवीर घायल, सुरेश जांगिड, अशोक जाट, बंशीधर जांगिड, रामावतार बिजारणिया, महेश जांगिड, राधेश्याम, मुरलीघर सैनी अयूब खत्री, इकबाल खां, संजय परिहार, पार्षद संदीप परिहार, राजेंद्र पंवार, महेंद्र सैनी, गोविंद जोशी, संजय मील, आलोक शर्मा, बाबूलाल सैनी, प्यारेलाल फरडोलिया, ज्ञानचंद कुमावत अम्मीलाल मील, राजेंद्र ठेकेदार, पूर्व पार्षद बनारसी देवी, कपिल सैनी, रामरतन चेजारा, बनवारी तंवर, पवन तुनवाल, रणवीर सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

## होली मायड़ भूमि रीः धूमधाम से निकाली होली शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में होली के शुभ अवसर पर सरदारशहर नागरिक परिषद, दिल्ली के सान्निध्य में सरदारशहर एकता मंच व लोकरंजन परिषद के संयुक्त तत्वाधान व सेठ मूलचंद, विकास कुमार, विनीत कुमार मालू के सौजन्य से होली मायड़ भूमि री के अंतर्गत भव्य एवं भव्य होली शोभायात्रा श्री लोकरंजन परिषद से गांधी चौक गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस होली शोभायात्रा में शेखावाटी की अनेक सुप्रसिद्ध चंग मंडलियों के चंगों की थाप पर नाचते, झूमते रंग रसिये, महरियां, भव्य बैंड वादन, अनेक मनोरम झाकियां, सैकड़ों हास्य से परिपूर्ण मनोरंजक स्वांग, शानदार ढोल वादन, शहर के अनेक मंझे हुए कलाकारों की ओर से स्वांग के रूप में प्रस्तुतियां, सजे धजे ऊंट, घोड़ी, भव्य पुष्प वर्षा शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण थे। शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की विशाल भीड़ ने समस्त पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। शोभायात्रा का जगह - जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा गांधी चौक पहुंचने पर ऊंट घोड़ी नृत्य, बैगपाइपर पंजाबी बैंड, गोमटीया व बींझवा चंग मंडली की ओर से शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रथम सोनी साउथ इंडियन ग्रुप, द्वितीय चुन्नीलाल नाथोलिया ग्रुप, तृतीय बद्रीप्रसाद ओपन बैकुंठी के साथ साथ 11 अन्य स्वांगो को नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नागरिक परिषद के मनोज बरमेचा, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, सत्यनारायण जांगिड़, गिरधारी लाल पारीक, फारुख ज्यान मोहम्मद, नगरपरिषद नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, उपनेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश नाई, पार्षद नरेंद्र नाई, पंडित बालकृष्ण कौशिक, तेजपाल चौधरी, सीबीईओ अशोक पारीक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एकता मंच अध्यक्ष जितेंद्र राजवी, मंत्री बाबूलाल प्रजापति, लोकरंजन परिषद से शोभाकांत स्वामी, शंकरलाल प्रेमाणी, कर्मभूमि सेवा संस्थान अध्यक्ष माणक चंद भाटी, युवा शक्ति मंच अध्यक्ष अभिषेक पारीक, प्रकाश पापटान, टीम योगेन्द्र राजवी के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम संयोजक सम्पत राम जांगिड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गींदड़ नृत्य कलाकारों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के गांधी चौक व दड़ीबा करणी माता मंदिर स्तिथ गींदड़ चौक में राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर कलाकारों ने सिर पर पगड़ी बांधकर, अनेक स्वांग रचाकर गींदड़ नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के समापन पर अच्छी वेशभूषा व सुंदर नृत्य करने वाले कलाकारों को अतिथियों ने पारितोषिक व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नृत्य के दौरान प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान पर रहे कलाकारों को एलईडी टीवी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीदासर गींदड़ समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष राजेश दुगड़, जवाहर सिंह राठौड़, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, शिवरतन दर्जी, पवन सारस्वत, संजय कुमार मोदी व दड़ीबा के रामोतार मारोठिया, पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया, नथमल भोभरिया, भंवरलाल मारोठिया, महेश छापोल, गोपाल प्रजापत, मोनू जाखड़ आदि उपस्थित रहे।

## ग्लूकोमा की रोकथाम की जानकारी देकर किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** ग्लूकोमा जिसे काला मोतिया भी कहते हैं। इसके होने से अकारण चमकती हुई गोल लकीरें दिखाई देना, आंखों में दर्द होना, कम दिखाई दे तो यह ग्लूकोमा हो सकता है। ग्लूकोमा आपकी आंखों की रोशनी समाप्त कर सकता है। चिकित्सक से आंखों की जांच करायें। 40 वर्ष की आयु या इससे अधिक आयु के व्यक्ति के ग्लूकोमा होने की संभावना अधिक होती है। ग्लूकोमा होने पर आंख का दबाव बढ़ने के कारण नसों में कमजोरी आने लगती है। ग्लूकोमा विश्वभर में अन्धेपन के कारणों में से एक बड़ा कारण है। उक्त विचार शनिवार को राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र बरड़ासर में नेत्रदान व रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक गणेशदास स्वामी ने व्यक्त किए। केन्द्र की एएनएम संदीपा, आंगनबाड़ी की आशा मन्जू, सेवानिवृत्त हवलदार काशी दान चारण, किशनादेवी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## किसान नेता न्यौल का 73 वां जन्मदिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल का 73 वां जन्मदिन किसान कार्यालय न्यौल भवन सातड़ा में मनाया गया। इस अवसर पर गायों को गुड़, मूली, गाजर व चारा खिलाया गया। किसान नेता न्यौल ने सभी को नशामुक्ति संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत को त्याग देना चाहिए। इसके साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के बारे में भी उपस्थित वरिष्ठ ग्रामीण जनों व युवाओं ने गंभीर विचार विमर्श कर त्यागने का निर्णय लिया। न्यौल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में गाय - कन्या - नदियों की दुर्दशा हो रही है, उनके संरक्षण एवं बचाव के लिए हम सब को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर खेमचंद माली, मुकनाराम न्यौल, रामानंद न्यौल, विक्रम सिंह राठौर, कबीरदास स्वामी,हरीराम न्यौल,ओमप्रकाश जांगिड़, चेतन गर्ग, राकेश न्यौल, रणजीत न्यौल, राजेंद्र सैनी, बुधराम गर्ग, दिनेश गर्ग, राहुल जांगिड़, रमेश जांगिड़, सुरेश स्वामी, रमेश न्यौल,महेश जांगिड़, रामप्रताप, नरेंद्र न्यौल, दशरथ सिंह, कालूराम मेघवाल, नरपत मेघवाल, शीशपाल न्यौल, लालचंद पटीर, हेमंत , संजय, कपिल, कुलदीप, मोनू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। किसान नेता न्यौल के जन्मदिन पर सभी ने उनकी दीर्घायु की कामना की।

## जिले की मांग को लेकर धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहा धरना उपखंड कार्यालय के बाहर लगातार जारी है। धरने पर एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, तेजपाल गोदारा, एडवोकेट महेंद्र गुलेरिया, सिराज खान कायमखानी, साबिर अली चौहान, रोशन रंगरेज, जगदीश झिकनाड़िया, इब्राहिम खां, गजानंद प्रजापत, सोहिल गोपालपुरिया, मुमताज खां सहित अनेक लोगों ने शिरकत की और जिला बनाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। बता दें कि सुजानगढ़ को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर जनहित संघर्ष मोर्चा का ये धरना लगातार 1149 दिनों से जारी है।

## विशाल रक्तदान शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गाँव ढाणी छत्तूसिह निवासी रहे योगेंद्र सिह राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर कस्बे के राजगढ़ रोड़ पर स्थित एम.के. मल्टीस्पेशलिस्ट क्लिनिक में मंगलवार को सुबह 8 बजे से निशुल्क स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष शैलेन्द्र राठौड़ ने क्षेत्रवासियों से शिविर में अधिक से अधिक पहुँचकर सफल बनाने की अपील की है।

## श्याम बाबा कीर्तन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर स्थित वार्ड नंबर 29 में पुराना इनकम टैक्स ऑफिस के पीछे आत्माराम बागोरिया के निवास पर बाबा श्याम कीर्तन (पाठ) किया गया। पूनम चंद बागोरिया ने बताया कि बाबा श्याम का पाठ 5 वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। बाबा श्याम के भक्तों की काफी संख्या में भीड़ होती है। श्याम बाबा कीर्तन पाठ कर सभी श्रद्धालु ज्योत लेते हैं। फिर सभी श्रद्धालु श्याम बाबा के साथ होली खेलते हैं। इस अवसर पर पूनम चंद बागोरिया, चांद, सूरज, गौतम, शुभम, हिमांशु व्यास, सूर्या व्यास दीपक व्यास का सहयोग रहा।

## बीदासर में कैंप कोर्ट लगाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर बीदासर में एडीजे कोर्ट सुजानगढ़ का कैंप कोर्ट लगाए जाने की मांग की गई है। एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत की ओर से लिखे गए पत्र में बताया गया है कि बीदासर में एसडीएम, तहसील स्थित है। बीदासर बड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के वाशिंदों को बार-बार एडीजे कोर्ट सुजानगढ़ के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिसके कारण नागरिकों को काफी परेशानी होती है। अतः बीदासर में एडीजे कोर्ट सुजानगढ़ का कैम्प कोर्ट खोला जाए।

## विधायक गेदर का लक्ष्मणगढ़ में किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** विधानसभा क्षेत्र सूरतगढ़ से विधायक डूंगरराम गेदर गुरुवार को लक्ष्मणगढ़ आगमन पर स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्त्ता मुकेश कुमावत ने बताया कि जयपुर से सूरतगढ़ जाते वक्त विधायक डूंगरराम गेदर का नेहरू स्टेडियम के पास स्थित जय भवानी ट्रेडर्स पर बगड़ी सरपंच प्रतिनिधी सुरेश बगड़ी के अगुवाई में कुम्हार समाज के युवाओं की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमावत, सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमावत, विनोद कुमावत, पवन कुमावत, मिठू बगड़ी, मनोज बगड़ी सहित समाज के प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने पक्षी संरक्षण साइकिल यात्रा का किया स्वागत




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी न्यूज ताल छापर के गौरैया बचाओ अभियान के तहत सम्पूर्ण चूरू जिले की साइकिल यात्रा का सुजानगढ़ पहुंचने पर स्थानीय विधायक मनोज कुमार मेघवाल ने माला पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार मेघवाल ने कहा कि संस्था का यह प्रयास बहुत सराहनीय हैं क्योंकि पक्षी संरक्षण के लिए जन जागरूकता की अब नितांत आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि पहले बहुत तादाद में पक्षी दिखाई देते थे, मगर अब धीरे-धीरे लुप्त हो रहे हैं, ऐसे प्रयासों से उनके संरक्षण की तरफ ध्यान दिया जाएगा। इससे पूर्व संस्था के संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने विधायक को इस यात्रा के सम्बन्ध में बताया। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने विधायक का दुपट्टा ओढा कर और बर्ड फीडर भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल की धर्मपत्नी केसरदेवी ने साइकिल यात्रियों को मिठाई खिला कर उनको इस अभिनव यात्रा के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संयोजक पार्थ सोनी छापर , जयपुर के रामावतार स्वामी, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, विधाधर बेनीवाल, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।

## चूरू की बिमला बाकोलिया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**चूरू/जयपुर(निस)।** जयपुर के महाराणा प्रताप ओडिटोरियम कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा में डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद् जयपुर की ओर से रविवार को पंचम सर्व समाज नारी गौरव सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक राम सहाय वर्मा व अखिल भारतीय रेगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बल नवल रहे। इस दौरान बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चूरू की बिमला देवी बाकोलिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व समाज के कई लोग उपस्थित रहे। इधर चूरू में बिमला देवी की इस उपलब्धि के लिये समाज बन्धुओं और परिजनों ने बधाईयां दी।

## होली स्नेह मिलन समारोह में झलका प्रेम और भाईचारा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में रघुनाथ विद्यालय में सन1968-69 व 70 में सहपाठी रहे मित्रों ने स्थानीय निजी रेस्टोरेंट में होली स्नेह मिलन का आयोजन रखा। पचपन वर्ष बाद सभी सहपाठी मित्र इस अवसर पर मिलकर बहुत खुश नजर आए। एक साथ मिलकर कई प्रतियोगिताओं के बहाने हंसी ठठ्ठों के दौर चले और सभी मित्रों ने मिलकर इन पलों को एंजॉय किया। इस दौरान आयोजित कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी और हवाई जहाज प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय आने वालों को शर्मा हार्डवेयर की तरफ से पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जोधपुर, बीकानेर सहित अन्य शहरों से पधारे हुए और नगर में ही निवास करने वाले मित्रों ने इस अवसर पर प्रति वर्ष इसी प्रकार का आयोजन करने और उसमें सपरिवार शामिल होने का संकल्प लिया। अनिरुद्ध दाधीच, लीलाधर प्रजापत, पूर्णिमा लढ़ा, उम्मेद मिश्रा, अनिल लाटा, विजय भाटी, विशेष मिश्रा आदि ने इस आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर मित्र मंडली के आसकरण माली, उपेन्द्र चोटिया, ऋषिराज भोजक, ओम प्रकाश गौड़, ओम प्रकाश जांगिड़, डॉ. नगेन्द्र शर्मा, डॉ. शिव कुमार स्वामी, डॉ. मानाराम मंडार, डूंगरमल स्वामी, चुन्नीलाल प्रजापत, देवकरण माली, भैरूंदान चारण, मोहनलाल जांगिड़, ललित ताम्रायत, विनोद कुमार वर्मा, शिवलाल ढेवा, सत्यनारायण गौड़, समुद्रसिंह लूंछ, सांवरमल दर्जी, हरिशंकर शर्मा, डॉ. सूरज कुल्थिया, शिवप्रसाद स्वामी, महावीर प्रसाद शर्मा, राधेश्याम सिंह चौहान, महावीर प्रसाद बुढाढरा, अंबिका प्रसाद हरित, घनश्याम मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अजय गार्गी सारस्वत, अरविन्द मिश्रा आदि शामिल हुए।

## अमिता मुदगल बनी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की चूरू जिलाध्यक्ष जय दाधीच ने फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा की अनुसंशा व फाउंडेशन के जोन 1 बी के प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत व फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव जोन प्रभारी भंवर पुरोहित के अनुमोदन पर रतनगढ की अमिता मुदगल को फाउंडेशन के चूरू जिला महिला प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र वासियो ने मुदगल को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# राजलदेसर में ऐतिहासिक चार दिवसीय गींदड नृत्य का समापन

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** देश विदेश में विख्यात राजलदेसर कस्बे में चार दिवसीय एतिहासिक गीदड़ नृत्य का समापन हुआ। काबिले गौर है कि राजलदेसर का गींदड नृत्य देश विदेश में अपनी पहचान रखता है। यह एक परम्परागत नृत्य भी है जो 400 चार से लगातार चल है है। बुर्जगो के अनुसार 1607 में राव बीकाजी के पुत्र राजासी को राजलदेसर की जागीर मिलने पर यह नृत्य शुरू हुआ जो आजतक जारी है। एकादशी से शुरू होकर पुर्णिमा तक यह नृत्य जारी रहता है। अन्तिम दिन रात्री में यह लगभग 12 घंटे लगातार चलता है जो भी एक रिकार्ड है। ढोल नगाड़ों व बाँसुरी की धुनों के साथ मीठी-मीठी धमाल पर पर पुरूष गींदड़ खेलते हैं तो होली के रसियो के पाँव अपने आप थिरकने पर मजबूर हो जाते हैं, ऐसे में शेखावाटी के गींदड़ नृत्य का जिक्र ना हो तो होली की खुशियां अधूरी रहती है। यहाँ का गींदड़ नृत्य इतना अनूठा है कि दूर दराज से व प्रवासी भारतीय भी गींदड़ देखने के लिये आने लगे हैं। मुलचन्द सोनी ने बताया कि गींदड़ नृत्य में गींदड नृत्य की लोक संस्कृति व ग्रामीण परिवेश की झलक देखने को मिलती है।पूर्णिमा की चांदनी रात में दूधिया रोशनी में पुरुष कई तरह के स्वांग रचकर ढोल, नगाड़ों,बांसुरी व चंग की थाप पर नृत्य करते हैं।गींदड़ में जहां एक विभिन्न देवी देवताओं के स्वांग सहित विभिन्न प्रकार की मेहरीया अपनी और आकर्षित करती है। राजलदेसर के प्रवासी दिपावली पर घर न आए लेकिन होली त्योहार पर अवश्य राजलदेसर पधारते हैं।युवा वर्ग भी सोशल मीडिया को छोड़ हमारी लोक संस्कृति में रहते हैं। खुशी की बात है कि हम आज भी चार सौ साल से हमारी संस्कृति को बचा रहे है।कस्बेवासी सभी अपने परम्परागत नृत्य की व्यवस्था स्वयं ही करते हैं। बुजुर्ग की सुने तो 418 साल पहले 1607 में राव बीकाजी के बेटे राजसी को जागीर मिलने की खुशी में शुरू हुआ था। जो राजलदेसर की घिन्दर परम्परा बन गया है। कस्बे में लगे शिलापट्ट के आधार पर कस्बे की बसावट 600 वर्ष पुर्व में हुई थी। राव बिकाजी के पुत्र राजसी को 1607 में जागीर मिलने पर होली पर्व पर गींदड नृत्य की शुरूआत हुई थी। गींदड नृत्य में सभी समुदाय के लोग एकजुट होकर नृत्य कर आनन्द उठाते हैं। उस समय से आजतक यह परम्परा जारी है। पुर्व में घिन्दर नृत्य चार स्थानों पर होता है। जो अब मैन बाजार और गांधी चौक में होता है। कस्बे की दोनों जगह अलग-अलग कमेटियां बनाई जाती है। गांधी में गांधी चौक गींदड नृत्य कला मण्डल और मैन बाजार में लोक नृत्य व गींदड परिषद की ओर से कस्बेवासियों के सहयोग और प्रवासीयो के सहयोग से आयोजित किया जाता है। गत वर्ष नगरपालिका की ओर से सहयोग किया गया। इस बार गींदड नृत्य का आयोजन ऐतिहासिक रहा। गीदड़ चौक को दुल्हन की तरह सजाया गया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम का स्वागत



### गांव में खेल ग्राउंड बनाने की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** गजेंद्र सिंह राठौड़ की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ जिसमें विजेता टीम राजासर बीकान रही जबकि उपविजेता इस्लामिया रही। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि गांव के सरपंच बिशन सिंह राठौड़, शायर सिंह राठौड़, फूलसिंह राठौड़ आदि रहें। टूर्नामेंट का 13 मार्च को शुभारंभ किया गया। समापन पर विजेता टीम को मुख्य अतिथियों की ओर से ट्रॉफी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा हुई कि आगामी दिनों में एक खेल ग्राउंड गांव में बनाया जाएगा। जिसका नामकरण गजेंद्र सिंह राठौड़ के नाम पर रखा जाएगा। जिसके लिए भी कई आर्थिक घोषणा परिवार की ओर से की गई है। सेना व अन्य तैयारी व खेल आयोजन के लिए खेल ग्राउंड बनाया जाएगा। खेल ग्राउंड बनने पर गाँव के युवाओं के वरदान साबित होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में 9 टीमों ने हिस्सा लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नरेंद्र सिंह राठौड़ की ओर से किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सुथार, बाबूलाल स्वामी, हनुमान सिंह, किशन सुथार, कालू नाई, विजेंद्र सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहें। संचालन डॉ पवन महर्षि ने किया।

## आगामी पंचायत चुनावों व विभिन्न मुद्दो पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी कि बैठक रविवार को बीकानेर रोड़ पर स्थित मालजी गार्डन में रखी गई। जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से आगामी पंचायत व नगर परिषद चुनाव मजबूती से लड़ने को लेकर चर्चा की गई। तहसील क्षेत्र की कार्यकारिणी विस्तार को लेकर मंथन किया गया। आगामी पंचायत चुनाव में सभी सीटों पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। जिला परिषद चुनाव में भी पार्टी मैदान में आएगी व शहर के नगर परिषद चुनाव में वार्डो को चिन्हित कर पार्टी उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। बैठक में धीरेन्द्र सैनी को सर्वसम्मति से पार्टी का नगर अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकर्ताओं की ओर से नई ब्लॉक स्तरीय व शहर की कार्यकारिणी बनाई गई। पार्टी की नई टीम का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में मदनलाल ढाका, सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, रूपचंद सारण राजास, संदीप बैंदा, शिव चौधरी, रुपाराम सारण गिड़गिचिया, आबिद खान, लियाकत अली, समुन्दर नायक, दोलतराम सारण, गजानंद सहारण, ओमप्रकाश मेघवाल, मामराज सारण, मनफुल सारण, नुगाराम बेनीवाल, प्रदीप मुहाल, रामकरण सारण, सुनील सारण, नरेंद्र पूनियां, मोहन लाल गिला, सोनू नायक, मुकेश प्रजापत, हरि ज्याणी, परतुराम सारण, मेघनाथ सिद्ध, अशोक शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मूमल लोक कला शोध संस्थान ने किया कलाकारों को सम्मानित

## गीता रो गजरो कार्यक्रम में कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** नगर श्री में मूमल लोक कला शोध संस्थान चूरू की ओर से शनिवार को लोक कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। गीता रो गजरो कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाकांत भाऊवाला थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि योगेश गौड़, विमला शर्मा व रचना कोठारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के नीरज गौड़ ने स्वस्ति वाचन से कार्यक्रम का आगाज किया। संस्था निदेशक विनोद औझा ने संस्था का परिचय देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लोक कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए मरणोपरांत वैद्य पंडित कृष्ण शर्मा का सम्मान एडवोकेट पवन शर्मा को दिया गया। संस्थापक सुजान सिंह खींची ने बताया कि मंचस्थ अतिथियों ने सभी कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान राम सिंह बिका ने बाई सा थारो बिरो, पुरुषोत्तम नरड़िया ने बटाऊड़ा, शंकर महर्षि ने चाल रे सखी, विनोद व्यास ने तणिया रेशम की, चंदन ने बांसुरी, डॉ. प्रमोद बाजोरिया ने धरती धोरा री, विजयलक्ष्मी शर्मा ने सुपनो, सोहन शर्मा ने बांसुरी, सुशील दाधीच ने गंणगौरयां हारे मेळे में, राजेंद्र चौबे ने नवल बन्ना, नारायण शर्मा ने आपा दोनों चालां, विजयलक्ष्मी कत्थक ने सोनेरी घढ़वा दो, रितेश प्रजापत ने बांसुरी, राजेंद्र शरणोत ने पीलो पोमचो, सोनू हारित व पंकज ओझा ने रामू प्यारा, लीलाधर कत्थक ने खेलण दो गणगौर, महेश हारित ने उमराव, राजेश सैनी ने बांसुरी, सौरभ ओझा व रुपेश टिमटिमिया ने ढ़ल आई सांझल रात सहित अनेक धमालों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्था के प्रमोद शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्रेम बगड़िया, कुशाल सिंह चौहान, विनोद प्रजापत, सुशील शर्मा, सुनील गोग्यान, सुनील शर्मा, पिंटू शर्मा ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुरेंद्र बावलिया ने किया।

## औषधालय में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिले के गुसांईसर राजकीय आयुर्वेद औषधालय में शनिवार को वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मी नारायण शर्मा की अध्यक्षता में आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी व समिति के सदस्य सचिव लीलाधर शर्मा ने बताया कि समिति के संविधान अनुसार पंजीकृत संस्था की इस वित्तीय वर्ष की अंतिम त्रैमासिक बैठक रखी गई। उन्होंने बैठक में समिति का आय - व्यय विवरण प्रस्तुत किया और औषधालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर की गतिविधियों की प्रगति से अवगत करवाया। शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत विभाग से फर्नीचर, उपकरण औजार, व संसाधन प्राप्त हुए हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर भी संसाधनों की खरीद की गई है।भवन पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रांडिंग व सिविल वर्क पूर्ण हो गया, योग स्थल और लेब निर्माण हुआ है। टीम की ओर से फैमिली इंपैलनमैट सर्वे का कार्य फरवरी माह से प्रारंभ कर दिया गया है। गैर संचारी रोगों (एनसीडी) से बचाव के लिए कैचमेंट एरिया के 30-65 वर्ष के लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग व नैदानिक परीक्षण और उपचार व परामर्श दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से समुदाय स्तर पर जन स्वास्थ्य की निगरानी व देखभाल का अच्छा माध्यम आयुष्मान आरोग्य मंदिर गतिविधियों के माध्यम से उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने आरोग्य समिति को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुविधाओं से जन समुदाय को अवगत करवाने में अपेक्षित सहयोग देने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सबने अपनी सहमति दी। इस मौके पर औषधालय की सेवाओं को और सुदृढ करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जगदीश प्रसाद शर्मा, धूड़ाराम प्रजापत, सेवानिवृत कैप्टन नारायण प्रसाद जाट, राजेन्द्र झिकनाड़िया, अध्यापक रामनिवास, रक्षा कत्थक पंच, लोकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। औषधालय के वरिष्ठ कम्पाउंडर राकेश कुमार बड़जाती ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। कार्यकारी अध्यक्ष ने समिति की कार्यवाही व आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रगति को प्रशंसनीय बताया और सजगता से कर्तव्य पालन के लिए औषधालय स्टाफ की सराहना की।

## बाटड़ और कस्वां का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नरेंद्र बाटड़ को रतनगढ़ विधानसभा व दिनेश कस्वां को सुजानगढ़ विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किए जाने को लेकर लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिहाग के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से सालासर तिराहा लक्ष्मणगढ़ बाईपास पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पीसीसी सचिव सज्जन हाफास, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश भास्कर, सहकारी समिति बलारां अध्यक्ष सुभाष पूनिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

## प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर अरोड़ा का किया स्वागत

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर सुरेश अरोड़ा का स्वागत गणेश मंदिर में किया गया। श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, नंदलाल जांगिड़, हनुमान सोनी, राजेंद्र सोनी, लोकेश, राहुल, गिरधारीलाल जांगिड़, कन्हैयालाल, सुभाष बरमेचा, पुजारी मोडाराम स्वामी, विनोद सेन, अरविंद सामरिया, गोपाल प्रजापत, मदन सोनी आदि ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया। आपको बता दें कि सुरेश अरोड़ा श्री गणेश सेवा समिति के मंत्री भी हैं। इस अवसर पर अरोड़ा ने संगठन का राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए आभार जताया।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।